चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 263, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 22 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गगनयान मिशन: टेस्ट को मिली सफलता

### गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया






**नई दिल्ली**

**इसरो ने श**निवार को एजेंसी ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। हाल के दिनों में चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे। अब इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा।

क्या है गगनयान मिशन?

गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को अगले साल के आखिर या 2025 की शुरूआत तक भेजा जा सकता है। 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन का उद्देश्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाना है। इसरो ने शनिवार को गगनयान के तहत इसके पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया। इस उद्देश्य में इस्तेमाल होने वाले परीक्षण वाहन 'क्रू एस्के प मॉड्यूल' का उपयोग करते हुए यह परीक्षण किया गया। क्रू एस्के प साही- सलामत मॉड्यूल लॉन्च के बाद अंतरिक्ष में पहुंचा और फिर बंगाल की खाड़ी में उतर गया। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने गगनयान की पहली सफलता को लेकर कहा, 'मुझे गगनयान टीवी-डी1 मिशन की सफलता की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है।' उन्होंने टीवी-डी-1 टेस्ट मिशनः क्रू एस्केप मॉड्यूल की सफल लैंडिंग के बाद वैज्ञानिकों को बधाई दी।

## टीवी-डी1 के पहले परीक्षण में देरी क्यों हुई?

**गगनयान** मिशन के लिए टेस्ट उड़ान टीवी-डी1 को सुबह 8 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, लॉन्चिंग से 5 सेकंड पहले टेस्ट को रोक दिया गया। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने इसका कारण बताते हुए कहा, 'लिफ्ट-ऑफ का प्रयास नहीं हो सका...व्हीकल सुरक्षित है... हम जल्द ही वापस लौटेंगे... जो कंप्यूटर काम कर रहा है उसने लॉन्च रोक दिया है... हम इसे ठीक करेंगे और जल्द ही लॉन्च शेड्यूल करेंगे।' हालांकि, गगनयान की टेस्ट फ्लाइट सुबह 10 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च कर दी गई।

## मिशन में अब आगे क्या है?

**गगनयान** मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। इसरो ने बताया कि गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। परीक्षण वाहन टीवी-डी1 का प्रक्षेपण गगनयान कार्यक्रम के चार मिशनों में से पहला है। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। एजेंसी ने कहा कि चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है।

खास सूची में शामिल हो जाएगा भारत

गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।

भारत और भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्रीः कैप्टन राकेश शर्मा अंतरिक्ष मे जाने वाले भारत के पहले व्यक्ति हैं। 1984 में इसरो और रूस के इंटरकस्मिक कार्यक्रम के एक संयुक्त अंतरिक्ष अभियान के अंतर्गत राकेश शर्मा आठ दिन तक अंतरिक्ष में रहे। राकेश उस समय भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर और विमानचालक थे।

वहीं कल्पना चावला अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिए अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं। उनके अलावा सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष जाने वाली दूसरी भारतवंशी महिला हैं।



## देश को विकसित बनाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी परः पीए मोदी



**नई दिल्ली/ग्वालियर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हमने अगले 25 वर्षों में देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी भारत की युवा पीढ़ी की है। हमें इस युवा पीढ़ी के सामर्थ्य पर भरोसा है और हम आशा करते हैं कि इस सपने को संकल्प में बदलकर हम सिद्धि प्राप्त करने तक नहीं रुकेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज शाम ग्वालियर में सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखी और प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों और शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों को पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उनके साथ रहे। सिंधिया स्कूल की स्थापना 1897 में हुई थी और यह ऐतिहासिक ग्वालियर किले के ऊपर स्थित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रयास कर रही है कि देश में एक ऐसा माहौल हो, जिसमें युवा पीढ़ी के पास अवसरों की कमी ना हो। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को 10 साल होने जा रहे हैं और इस दौरान उन्होंने दीर्घकालिक योजनाएं बनाते हुए फैसले लिये हैं। प्रधानमंत्री ने सिंधिया स्कूल के 125 वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज ही आजाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस भी है। उन्होंने कहा कि सिंधिया स्कूल और ग्वालियर शहर का भी अपना एक इतिहास है। ऋषि ग्वालिपा, संगीत सम्राट तानसेन, श्रीमंत महादजी सिंधिया जी, राजमाता विजयराजे जी, अटल जी और उस्ताद अमजद अली खां तक, ग्वालियर की ये धरती, पीढ़ियों को प्रेरित करने वालों का निर्माण करती रही है। उन्होंने कहा कि महाराजा माधो राव सिंधिया प्रथमजी की भी सोच तात्कालिक लाभ की नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की थी।

## भारत में बैठे शख्स ने अमेरिकी नागरिक से धोखाधड़ी की

**अहमदाबाद**

**सीबीआई** ने एक अमेरिकी नागरिक से ठगी करने के आरोप में अहमदाबाद के रामावत शैशव को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की शिकायत पर एजेंसी ने रामावत के ठिकानों पर छापेमारी की, जहां से 7 करोड़ 70 लाख कीमत की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की गई है। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद में आरोपी के कई ठिकानों ली गई तलाशी में उसके वॉलेट से 28 बिटकॉइन, 55 ईथेरियम, 22,572 रिपल, 77 यूएसडीटी जैसी क्रिप्टोकरेंसी मिली है।

## नॉर्थ-ईस्ट में आतंकी घटनाएं 65% घटीं: शाह

### आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, हमने सख्त कानून बनाए




**नई दिल्ली**

**गृह मंत्री** अमित शाह शनिवार को दिल्ली स्थित नेशनल पुलिस मेमोरियल पहुंचे। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- पुलिस के जवानों की ड्यूटी सबसे कठिन है। किसी भी देश की सीमा और आंतरिक सुरक्षा पुलिस के बिना संभव नहीं है। शाह ने कहा- नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और उग्रवाद की घटनाओं में 65 प्रतिशत की गिरावट आई है। नरेंद्र मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कानून बनाए हैं। शाह ने पुलिस फोर्स के मॉडर्नाइजेशन को लेकर कहा- हमारी सरकार ने मॉडर्नाइजेशन के लिए पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन की स्थापना करके दुनिया की सबसे बेहतर एंटी टेररिज्म फोर्स बनाने की दिशा में काम किया है। पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने कहा- आतंकियों से लड़ना हो, अपराध रोकना हो, भीड़ के सामने कानून व्यवस्था कायम रखना हो या आपदा के समय ढाल बनकर लोगों को बचाना हो, पुलिस ने हर स्थिति में खुद को साबित किया है। मोदी सरकार ने क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बदलाव के लिए संसद में तीन विधेयक पेश किए हैं।

## बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-2 के प्रतिबंध लागू

**नई दिल्ली**

**दिल्ली-एन**सीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। ग्रैप-2 के इन प्रतिबंधों के मद्देनजर सरकार लोगों से परिवहन के सार्वजनिक साधनों के इस्तेमाल पर जोर दे रही है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने आने वाले दिनों में हवा की गुणवत्ता खराब होने का पूवानुर्मान व्यक्त किया है। शनिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 दर्ज किया गया। 23 और 24 अक्टूबर को दिल्ली का एक्यूआई 300 के पार जाने का अनुमान जताया जा रहा है। यानी बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली की आबोहवा होगी। ग्रैप-2 की 11 पाबंदियों के तहत इमरजेंसी सेवाओं के अलावा डीजल जनरेटरों पर बैन लगेगा, होटल, रेस्तरां, भोजनालयों व ढाबों के तंदूर में लकड़ी व कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध और पार्किंग फीस को बढ़ाया जाना शामिल है।

### पेंटागन की रिपोर्ट में दावा- लद्दाख-डोकलाम के पास सड़कें, हेलीपैड बना रहा ड्रैगन

## चीन ने एलएसी पर बढ़ाई सैनिकों की तैनाती



**नई दिल्ली**

**चीन ने** एलएसी पर सैन्य तैनाती में अब तक कोई कटौती नहीं की है। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बॉर्डर पर चीन लगातार सड़कें, गांव, स्टोरेज फैसेलिटीज, एयरफील्ड और हेलीपैड बना रहा है। पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि चीन ने पिछले एक साल में परमाणु हथियारों की संख्या भी बढ़ाई है। उसके पास अब 500 न्यूक्लियर वॉरहेड्स हैं। इससे पहले स्वीडन के थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि पिछले कुछ सालों में चीन ने अपने परमाणु हथियारों के जखीरे में 60 नए हथियार जोड़े हैं। पेंटागन के मुताबिक, चीन का लक्ष्य 2030 तक एक हजार परमाणु हथियार बनाने का है। रिपोर्ट के मुताबिक, 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर चीनी वेस्टर्न थिएटर कमांड की तैनाती 2023 तक जारी रहेगी। चीन ने पिछले साल एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र यानी लद्दाख की तरफ रिजर्व में चार कम्बाइंड-आर्म्स ब्रिगेड के साथ शिंजियांग और तिब्बत मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट्स के दो डिवीजन के समर्थन से एक बॉर्डर रेजिमेंट तैनात की थी।

एलएसी के तीनों सेक्टर में चीन ने बढ़ाई सैन्य तैनातीः

सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के बॉर्डर के पास भी तैनात किए हैं।

### सहायता ट्रकों के लिए राफा क्रॉसिंग खुली, लगभग 3,000 टन सहायता ले जाने वाले 200 से अधिक ट्रक गाजा की ओर बढ़ेस काहिरा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में उठी शांति व मानवीय मदद की आवाज

## हमास ने दो अमेरिकी बंधक रिहा किए



**तेल अवीव/काहिरा/वाशिंगटन**

**हमास द्वारा** दो अमेरिकी बंधकों को रिहा करने के बाद शनिवार को मिस्र और गाजा के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग को मानवीय मदद पहुंचाने के लिए खोल दिया गया। इजराइल द्वारा क्षेत्र को सील करने के बाद पहली बार फिलिस्तीनियों को अत्यंत आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए इसे खोला गया है, क्योंकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि गाजा में मरने वालों की संख्या अब 4,300 से अधिक हो गई है। हालांकि 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए बर्बर आक्रमण के बाद जवाबी कार्रवाई में गाजा में शुक्रवार रात भी मिसाइलें गरजती रहीं। दोनों तरफ से रॉकेट दागे गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लगभग 3,000 टन सहायता ले जाने वाले 200 से अधिक ट्रक शनिवार को गाजा की ओर बढ़ रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के क्षेत्र के दौरे समेत विभिन्न मध्यस्थों की एक सप्ताह से अधिक समय की उच्च स्तरीय कूटनीति के बाद यह कदम उठाया गया है। सहायता सामग्री से लदे ये ट्रक कई दिनों से क्रॉसिंग के पास तैनात थे, जिन्होंने शनिवार को गाजा की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। गाजा के मुख्य द्वार से ट्रकों के गुजरने के दौरान मिस्र की तरफ के सहायताकर्मियों को नारे लगाते और तालियां बजाते देखा गया। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार रात को पुष्टि की कि हमास द्वारा बंधक बनाई गई अमेरिकी महिला जुडिथ रानन और उनकी 17 वर्षीय बेटी नताली को रिहा कर दिया गया है। हमास ने कहा कि उसने कतर सरकार के साथ एक समझौते में मानवीय कारणों से उन्हें रिहा किया है। अमेरिकी किशोरी के पिता ने कहा कि उनकी बेटी काफी अच्छा महसूस कर रही है। उनके परिवार ने बताया कि दोनों यहूदी मां-बेटी छुट्टियां मनाने के लिए शिकागो उपनगर स्थित अपने घर से गाजा के पास इजराइल के नाहल ओज के किब्बुट्ज की यात्रा पर थीं।

## 'भारत टेक्स 2024' प्रदर्शनी से कपड़ा महाशक्ति बनेगा देशः पीयूष गोयल



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय कपड़ा**, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि अगले साल फरवरी में होने वाली 'भारत टेक्स 2024' प्रदर्शनी भारत को कपड़ा क्षेत्र की एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में पेश करेगी। पीयूष गोयल ने राजधानी नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में एक्सपो से संबंधित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कस्तूरी कॉटन भारत की वेबसाइट लॉन्च की। इस व्यापार प्रदर्शनी से संबंधित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत मंडपम या यशोभूमि से वास्तव में भारत को कपड़ा क्षेत्र में एक वैश्विक गंतव्य बनाने के हमारे प्रयास को एक बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### कोरांव में जाम के झांम से जनता पीड़ित, कोई सुधार नहीं हो पा रहा

**कोराव।** नगर पंचायत कोराव में इन दिनों जाम के झाम से यात्री और पैदल वाहन सभी पीड़ित हैं। थोड़ी थोड़ी देर में लग रहा जाम बहुत बड़ी समस्या हो गई है। कोराव में गोल चौराहा और ब्लॉक रोड चौराहा बिल्कुल दोनो साइड से बिजली के खंभे की आड़ में लोग इतना सड़क की पटरियों को तंग कर दिए हैं कि दिन दिन भर वहां जाम लगा रहता है,चाहे पुलिस वाहन हो,एंबुलेंस हो अफसरों के वाहन हों,इमरजेंसी वाहन हो लेकिन वहां जाम लगना स्वाभाविक हो गया है। कई बीमार लोग अस्पताल सही समय नहीं पहुंच पाते जिस कारण कोई मुल्के अदम पहुंच जाते हैं तो कोई गंभीर स्थिति में हो जाते हैं। दरअसल सड़क की पटरियों पर लोग काफी कब्जा कर लिए हैं जिससे वे तरतीब वाहनों का जमावड़ा भी रहता है।प्रसासन से मांग जनता ने की है तत्काल जाम की समस्या दूर की जाय और अतिरिक्त पुलिस या गार्ड चौराहों पर तैनात किया जाय।

# कोरांव सम्पूर्ण समाधान दिवस में हुई जन सुनवाई

तहसील कोरांव मुख्यालय पर कांग्रेसियों,किसानो,मजदूरों का अनिश्चित कालीन धरना जारी

मांगें पूरी न होने तक चलता रहेगा धरना,रामकृपाल कोल

**अखंड भारत संदेश**



**कोराव।** तहसील कोराव में संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अविनाश यादव, तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी,खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव,एसीपी कोधियारा, थाना अध्यक्ष विनोद कुमार डायस पर लोगों के आवेदन प्राप्त कर संबंधियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। शिकायतें ज्यादा तर भूमि विवाद, पुलिस विभाग,खाद्य आपूर्ति विभाग आदि से संबंधित आई। विकास विभाग से आवास काटे जाने संबंधित मामले आए। कांग्रेसियों का अनिश्चित कालीन चल रहा एक माह से धरना प्रदर्शन समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। धरने पर बैठे पूर्व विधायक राम कृपाल कोल ने कहा कि जब तक मेरे द्वारा की गई मांगों को राजस्व प्रशासन जिला प्रशासन पूरा नहीं करता उस दिशा में कार्यवाही की शुरूआत नहीं की जाती तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी तहसील परिसर पर दीपावली भी मनाएंगे और होली भी मनाएंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि ग्राम समाज की जमीनों से जब तक अवैध कब्जे नहीं हटते,भूमिहीनों को पट्टे नहीं दिए जाते,और पूर्व में जिन्हे पट्टे मिले हैं उन्हें कब्जा दखल नहीं दिए जाते तब तक यह धारना बंद होने वाला नहीं है। राम कृपाल ने कहा की यह सरकार गरीबों किसानों की हिमायतें नहीं करती। बल्कि उन्हें रोजगार से वंचित किए जाने का कार्य किया जा रहा। राजस्व कर्मियों के चलते लोकल होने के नाते भूमि विवाद की बढ़ावा दिया है। जिससे हर जगह अप्रिय घटनाएं घट रही है। उन्होंने कहा कि है सब गांधी विचारधारा से जुड़े तथा डाक्टर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के बताए हुए मार्गों पर चलने वाले लोग हैं।अन्याय के खिलाफ जेल और लाठी से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने बताया कि आवास,पट्टे,आदि पात्रों को नहीं दिए जाते जिससे गरीब श्रमिक पीड़ित घूम रहे हैं। **शोक सभा का आयोजन** : धरने पर ही तीन साथियों की निधन पर दो मिनट का मौन रख कर शोक सभा की गई और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश शुक्ला,बीडीसी मेंबर कोरांव जगदीश प्रसाद सेमरी,मंगल सिंह अंतरी कोरांव जो धरने प्रदर्शन के हिस्सा थे और पार्टी कार्यकर्ता नेता थे। धरना प्रदर्शन पर रामकृपाल कोल पूर्व विधायक, बबलू शुक्ला, रामनारायण मौर्य, आशाराम मिश्रा, शंकर लाल, झल्लू आदिवासी सहित तमाम महिला पुरुष पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### फूलपुर के सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे डीएम

**फूलपुर।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीएम प्रयागराज नवनीत सिंह चहल ने किया। फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करते हुए उन्होंने शिकायतों का ससमय निस्तारण करने का आदेश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। उपजिलाधिकारी अजीत कुमार जायसवाल व तहसीलदार ओपी श्रीवास्तव के साथ फरियादियों की की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया। इस अवसर पर कुल 254 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसके पूर्व पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती तथा एसीपी मनोज कुमार सिंह भी फरियादियों की सुनते रहे। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला निबंधक सहकारिता, डीएसओ कुंवर दिनेश प्रताप सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित चौधरी, एसडीओ विद्युत फूलपुर एवं झूसी, बीडीओ फूलपुर, सहसों,बहरिया,ईओ सोनल जैन, जेई जल निगम, एई शारदा सहायक खंड 39 के अलावा समस्त थाने के प्रभारी एवं आर आई व लेखपाल मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मंचन : सीता स्वयंवर में टूटा हुआ धनुष देखकर क्रोधित हुए भगवान परशुराम



**प्रतापपुर।** आदर्श रामलीला समिति सुल्तानपुर उर्फ लोढ़ीडीह के प्रांगण में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने से क्रोधित हुए परशुराम से लक्ष्मण संवाद तक की रामलीला संपन्न हुई। राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर और सीता द्वारा गिरिजा पूजा का मंचन किया गया। गुरु विश्वामित्र के पांव दबाते राम लक्ष्मण को गुरु ने सुफल मनोरथ होंहु तुम्हारे का आशीष दिया। सीता स्वयंवर में रावण के नहीं बुलाए जाने के बाद भी पहुंचने और शिव धनुष तोड़ने की कोशिश दिखाई गई।बाणासुर ने उसे समझाया कि ये धनुष तुम्हारे आराध्य शिव का है, इसे तोड़ना तो दूर इसे उठाना भी तुम्हारे लिए पाप है रावण ने किसी की बात नहीं मानी जैसे ही धनुष उठाने चला आकाशवाणी हुई रावण तेरी लंका में आग लग गई है। रावण ने अपने पुत्रों को वहां जाने के लिए कहा मगर पुत्रों के वहां नहीं होने की बात सुनकर स्वयंवर छोड़कर, यह धमकी देते हुए चला गया कि सीते तुम्हें एक दिन लंका जरूर दिखाउंगा। जब कोई धनुष नहीं उठा नहीं पाता तो राजा जनक कहते हैं - हे दीप दीप के राजा जन हम किसे कहें बलशाली है, हमको तो यह विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। फिर गुरु की आज्ञा पाकर राम ने धनुष के दो टुकड़े किए। सीता ने राम को वरमाला पहनाई। तभी भगवान परशुराम पहुंचे टूटा हुआ धनुष देखकर क्रोधित हो गए। इस अवसर पर देवमनि मिश्रा महाप्रबंधक, अध्यक्ष राजीव लोचन मिश्रा, प्रबंधक महावीर मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, ताराचंद विश्वकर्मा, महामंत्री आनंद मिश्रा उर्फ वकील, सदस्यों में सुभाष चंद्र मिश्रा, विंध्यवासिनी मिश्र, प्रदीप मिश्रा, अमित मिश्रा, दिलीप मिश्रा, शत्रुघ्न मिश्रा, आनंद मिश्रा नंदन, अजय मिश्रा भालू सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।

### वोटर चेतना महाभियान के तहत जसरा मंडल की बैठक सम्पन्न



**लालापुर।** भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर कम से कम सौ नए वोटर बनाए जिससे की जो विकाश का पहिया तेजी से चल रहा है, वह आगे भी चलता रहे। उक्त बातें जसरा ब्लॉक सभागार में आयोजित वोटर चेतना महाभियान में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कही। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला व संचालन मंडल महामंत्री भूपेंद्र पाठक ने किया। मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने कहा की हर बूथ पर बी एल ए 2 को साथ लेकर घर घर जाकर संपर्क करते हुए इस अभियान को सफल बनाना है जिससे की एक फिर भाजपा की सरकार बने। कार्यक्रम में आए जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि मंडल के सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष को लेकर जाना है और नए वोटर बनाना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, अवध बिहारी मिश्रा, वीरेंद्र पाठक, नहुष तिवारी, सुरेश मिश्रा, राहुल पाल, सुबोध जायसवाल, कमला द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, बुद्धि प्रकाश, अर्जुन विश्वकर्मा, देवराज सिंह, आदित्य पासवान, अशोक तिवारी, दीप चंद गुप्ता, आशीष प्रधान जसरा, प्रवीण मालवीय, उदित नारायण, बजरंग बहादुर, दिनेश केसरवानी, अश्वनी द्विवेदी, कौशलेंद्र पटेल, सुरेश पाल, प्रेम पटेल, मुकेश कनौजिया, आलोक निषाद, हजारी लाल पटेल, मधुवेंद्र द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

### जसरा के शिवपुरी कालोनी में लगा दिव्य दरबार



**जसरा।** शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर प्रथम दिव्य दरबार का आयोजन जसरा के शिवपुरी कॉलोनी में किया गया। शिवपुरी कॉलोनी में पंडित जयशंकर मिश्र के अथक प्रयास से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया। मां के दरबार में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। ब्रह्म दरबार सेवा धाम की ओर से शिवपुरी कालोनी जसरा प्रयागराज में शनिवार के दिन दिव्य दरबार लगाया गया। दिव्य दरबार में सैकड़ों लोगों की पर्ची निकालकर उनकी परेशानियों को दूर किया गया। दरबार में बड़ी संख्या में मरीज अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। दिल्ली, बनारस, चंदौली, नोएडा ,प्रयागराज, आजमगढ़ , बलिया, दिल्ली आदि स्थानों से भक्त पहुंचे। ब्रह्म दरबार सेवा धाम के धमार्चार्य पंडित जयशंकर मिश्र ने बताया कि शिवपुरी कॉलोनी जसरा जन्म स्थान होने के चलते यहां पर पहला प्रोग्राम नवरात्र पर रखा गया है। इस मौके पर ज्ञानेन्द्र पाठक, रविन्द्र सिंह,अनिल शुक्ला,आलोक पाठक, अनन्त तिवारी, ओम भाई,दीपू पाठक,विनीत, अम्बुज,शनि शुक्ला,अनुमान,मुन्ना बाबू के अलावा सैकड़ों भक्त गण मौजूद रहे।

### अभिषेक मिश्रा को मिली पीएचडी की उपाधि



**जंघई।** जंघई बाजार निवासी मनोज मिश्रा के पुत्र अभिषेक मिश्रा सहायक प्रोफेसर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय सीएसजेएम विश्वविद्यालय कानपुर ने प्रसिद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय से अपना डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पी.एच.डी सफलतापूर्वक पूरा किया है।इस शैक्षिक शोध उत्कृष्टता और एक्सटेंशन शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता के लिए एक नया आयाम साबित होगा।अभिषेक की उपलब्धि पर परिजनों एवं क्षेत्रीय लोगों ने अभिषेक को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है। परिजनों में रामराज मिश्रा, प्रेमलता मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, मयंक मिश्रा, शिवम मिश्रा, दीपक मिश्रा,योगेश मिश्रा सहित तमाम लोगों ने अभिषेक को बधाई दी।

### रामलीला समिति न.पं. मऊआइमा में पुस्तक का हुआ विमोचन



**मऊआइमा।** राम लीला समिति नगर पंचायत मऊआइमा के राम बाग में पुस्तक का हुआ विमोचन।जिसमें बडी संख्या मे लोग मौजूद थे। मऊआइमा रामलीला समिति के मीडिया प्रभारी रवी साहू ने बताया कि बीती रात राम बाग में चल रहे नगर पंचायत के ऐतिहासिक रामलीला विमोचन में राम लीला समिति ने पुस्तक के पंचम अभिदान के विशेष अवसर पर समिति के अध्यक्ष सचिन साहू,,संरक्षक शारदा प्रसाद मौर्या, महामंत्री मुदित खत्री, उपकोषाध्यक्ष रामजी सोनी, बनारसी साहू,विनोद, राजेन्द्र साहू, संजय साहू, राजेश गुप्ता,तथा सरस्वती शिशु मन्दिर के प्राचार्य प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव, ईश्वर चन्द्र गुरू, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, चेयरमैन शोएब अंसारी, उमैरजलाल, नन्दलाल,जय सिंह, राहुल मौर्या,आलम आदि मौजूद थे।

### मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन



**मेजा।** शनिवार को मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय का जन्मदिन धूमधाम से मनाए जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई देने का सिलसिला देर रात्रि से ही शुरू हो गया था। सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से लोग बधाई देते रहे। मेजारोड व्यापार मंडल महामंत्री ओपी पांडेय कार्यालय पर पहुंच पुष्पगुच्छ देते हुए अध्यक्ष को बधाई दी। इस दौरान तमाम व्यापारी बधाई देने के लिए जुटे रहे।

### ग्राम देवी मां काली माता धाम में भक्तों ने किया पूजन अर्चन



**करछना।** जय मां काली सेवा समिति भडेव़रा की ओर से शारदीय नवरात्र में चल रहे भडेव़रा गांव स्थित ग्राम देवी मां काली माता के धाम में पूजा पाठ करने के लिए भक्त लोगों सहित महिलाओं की प्रति दिन भीड़ जुट रही है। लोगों की ओर से मां काली माता का विधि- विधान से पूजा अर्चन किया जा रहा है। वही मां काली को चुनरी नारियल फल फूल मिष्ठान धूप दीप नैवेद्य चढ़ाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को समिति के लोगों सहित अन्य भक्त लोगों की ओर से मां काली का भव्य श्रृंगार किया गया । जिनमें चुनरी सहित सुगंधित फूल मालाओं के अलावा अन्य सामग्रियों से श्रृंगार किया गया धाम को भव्य विद्युत रोशनियों से सजाया गया है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रात्रि जागरण कार्यक्रम में धीरज यादव, ओपी मिश्र, वेद प्रकाश ओझा, आर्यन केसरवानी , संजय यादव, चंदन यादव , संदीप कुमार, शिवम यादव ,सुशील कुमार, जितेंद्र कुमार यादव , धर्मेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, राजकुमार आदि भक्त लोग शामिल रहे वही रात्रि कालीन में कलाकारों की ओर से भजन संध्या की प्रस्तुतियां हुई और महिलाओं की ओर से भक्ति गीतों के गायन भी हुए।

### लेटे हनुमान जी के समीप भव्य भंडारे का आयोजन संपन्न

**जारी।** शनिवार को ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड , प्रयागराज के द्वारा शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में लेटे हुए श्री हनुमान जी मंदिर निकट संगम क्षेत्र में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारा के प्रमुख आयोजनकर्ता सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा 'मानव सेवा ही सच्चा धर्म है मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है । इसी विचारों के प्रसार में यह छोटी पहल थी , और कहा कि यदि माता रानी और हनुमानजी की कृपा रही तो आने वाले समय मे इस तरह के कार्यक्रम जारी रहेंगे ।यद्यपि कार्यक्रम भव्य रहा जिसमें भारी संख्या में असहायों, श्रद्धालुओ, राहगीरों को दिव्य भोजन प्रसाद प्रदान किया गया। ओरिएण्टल परिवार के अधिकारी, कर्मचारी अभिकर्ता, ग्राहक,सर्वेक्षक ,अन्वेषक व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं, 183 शिकायतें दर्ज

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** माह के तीसरे शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी ने जनसमस्याएं सुनीं। 183 शिकायतों में से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका।एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। जब तक शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं, तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। यह भी निर्देश दिए शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, जिससे कि आम आदमी भी योजना से सीधे जुड़ सकें और लाभान्वित हो सकें। संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 183 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें राजस्व से 80,पुलिस से 29,विकास से 28,समाज कल्याण से 4,शिक्षा विभाग से एक और अन्य से 42 शिकायतें दर्ज हुई।शिकायतों के जल्द निस्तारण को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।इस मौके पर प्रमुख रूप से तहसीलदार मेजा नीलम उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह, नायब तहसीलदार ललतारा राजेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय, जे ई विद्युत आशीष कुमार , मेजा मांडा थाने की पुलिस सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### नकली शराब के बारकोड सहित शातिर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**मेजा।** थाना मेजा पुलिस व आबकारी टीम द्वारा 79 शीशी देशी शराब, नकली बार कोड स्टीकर सहित 85 नकली शराब की शीशी के ढक्कन व 118 कूट रचित नकली शराब कि शीशी के क्यूआर कोड स्टीकर सहित व एक चोरी की बाइक व पांच देशी बम के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि शनिवार को थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह व चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार व आबकारी निरीक्षक सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने टीम द्वारा मुखबिर कि सूचना पर गडार नाला कोहडार पर एक चोरी की अपाचे बाइक के साथ नीरज पुत्र राजकुमार निवासी मटिही बकचुन्दा थाना मेजा, शिवा पुत्र राजकुमार यादव निवासी मटिही बकचुन्दा थाना मेजा व विक्की उर्फ आकाश पुत्र कमलेश्वर प्रसाद निवासी मटिही बकचुन्दा थाना मेजा को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों के कब्जे से 79 शीशी देशी शराब नकली बार कोड स्टीकर सहित, 85 नकली शराब की शीशी के ढक्कन व 118 कूट रचित नकली शराब के शीशी के क्यूआर कोड स्टीकर पांच देशी बम बरामद कर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत कर अगली कार्रवाई की गई।

### गंगा भारतीय जनमानस की एकता एवं अखंडता की प्रतीक : विनोद मिश्रा



**नैनी।** नैनी में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान एवं दिशा दृष्टि संस्थान प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी, नैनी में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर श्री आर पी मिश्र जी रहे। मुख्य अतिथि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गंगा भारत की पौराणिक परिधि है और हमारा उद्देश्य है कि हमारे अखंडता की प्रतीक मां गंगा स्वच्छ हों। दिशा दृष्टि के सचिव विनोद मिश्र ने गंगा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जन समुदाय से गंगा को स्वच्छ रखने हेतु अपील की। शोध अधिकारी भारतीय लोक प्रशासन संस्थान अनुज्ञा सिंह एवं मोनिका सैनी ने गंगा के विषय में प्रजेंटेशन के माध्यम से परिचित कराते हुए भारत सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला संस्था द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य विंध्यवासिनी त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। नाविकों में सरकारी अफसर के प्रति आक्रोश देखा गया । संस्था ने उनके विचारों को सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनकी आवाज भारत सरकार तक अवश्य पहुंचेगी एवं आपेक्षित समाधान होगा उक्त वातार्लाप में तकरीबन 500 से अधिक की संख्या में पंडा गण एवं 200 से अधिक नाविकों ने सहभागिता की। समस्त प्रशिक्षण विनोद मिश्र के कुशल नेतृत्व में हुआ।

### माँ कालरात्रि के जयकारों से गूंजे दुर्गा पूजा पंडाल, आज होगा भव्य देवी जागरण

**मांडा।** नवरात्र के सातवें दिन स्थानीय देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। दुर्गा पंडालों और घरों में मां कालरात्रि देवी के रुप में मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया गया। नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को मांडा खास कालीं माँ के चौराहे पर हो रहे दुर्गा पूजा पंडाल में भक्तों की काफी भीड़ दिखाई दी। प. आचार्य सुनील पांडेय ने बताया कि मां कालरात्रि का रूप रौद्र और विकराल था. गर्दभ की सवारी, काला रंग, खुले केश, गले में मुंडमाला, एक हाथ वर मुद्रा में, एक हाथ अभय मुद्रा में, एक हाथ में लोहे का कांटा और एक हाथ में खड्ग मां कालरात्रि ने रक्तबीज का वध करते हुए उसके शरीर से निकलने वाले रक्त के बूंद को जमीन पर गिरने से पहले ही पी लिया और इस तरह से मां ने रक्तबीज के आतंक से मानव और देवताओं को मुक्त कराया. मां के इस रूप को कालरात्रि और कालिका भी कहा जाता है। मांडा खास स्थित सिद्ध पीठ मां मांडवी देवी धाम, सातों बहनों की मेढ़ुली महारानी मंदिर, भारतगंज कस्बा स्थित बुड्ढी मैया मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। सुबह से ही मंदिरों में जयजयकार होने लगी। मांडा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थापित दुर्गा पंडालों और घरों में लोगों ने शारदीय नवरात्र के सातवें दिन भी बाजारों में लाउडस्पीकर से धार्मिक भजन कीर्तन होते रहे तथा भक्तों की भी काफी भीड़ रही। नवरात्र के चलते सेब, केला, अनार , पपीता आदि फलों के दाम भी डेढ़ से दोगुने तक हो गये हैं। भारतगंज कस्बा, मांडा खास, नहवाई, चिलबिला आदि प्रमुख बाजारों में पूरी रात भजन कीर्तन का क्रम जारी रहने से विशेष चहल पहल रहती है। वही नव दुर्गा सेवा समिति के कार्यकर्ताओ ने जानकारी दी कि रविवार महाअष्टमी के दिन भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया है जिसमे मुंबई से चलकर आ रहे प्रभात सोनकर, प्रीति श्रीवास्तव,बालेश दुबे अपने मधुर आवाज से मांडा कालीं माँ के चौराहे पर जलवा बिखेरेंगे और तो और दशमी के दिन भगवान श्री रामचंद्र व रावण का आकर्षण झाकियाँ निकाली जाएगी।

### श्री राम प्रताप इंटर कालेज में तहसील स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगात्मक सेमिनार संम्पन



**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र सिरसा नगर पंचायत स्थित श्री राम प्रताप इण्टर कॉलेज में तहसील स्तरीय राष्ट्रीय बाल कांग्रेस के तहत वैज्ञानिक व शैक्षिक नवाचार पर प्रतियोगितात्मक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय कन्या इ.का. सिरसा, भगवानदीन सिंह इ.का. शम्भूचक, मंगला प्रसाद इण्टर कालेज बामपुर व श्री राम प्रताप इण्टर कॉलेज सिरसा के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने प्रोजेक्ट्स व मॉडल्स के माध्यम से प्रभावी तरीके से अपनी बातों को रखा। निर्णायक मंडल में लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कालेज के एसो. प्रोफेसर डॉ संजीव कुमार पाण्डेय, उग्रेश सिंह प्रवक्ता, श्रीराम प्रताप इण्टर कॉलेज, महेश सिंह ,मंगला प्रसाद इण्टर कालेज बामपुर थे। मुख्य विषय- स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए परितन्त्र को समझना था।जिसके अंतर्गत छः उप-विषयों में जूनियर व सीनियर वर्गों के कुल 12 समूहों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य डॉ.शिव प्रकाश पाठक ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं तथा सेमिनार से सीखी गयी नयी बातों को अपने अपने विद्यालय में अन्य छात्रों को भी बताने की अपील की। रमाशंकर यादव, सत्य प्रकाश उपाध्याय, अभिषेक कुमार व संदीप साहू ने व्यवस्था व अनुशासन बनाने में मदद की। अंत में समन्वयक व संचालक बृजबली सिंह ने परिणाम घोषित किया तथा उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डीपी एस प्रयागराज के प्रांगण में खेला गया फुटबॉल टूर्नामिंट



**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रांगण में फुटबाल टूर्नामेंट खेल में भाग लेने वाली लगभग 18 टीमों ने द्वितीय दिन भी नवीन ऊर्जा के साथ कुछ कर दिखाने की भावना से सबका मन मोह लिया। सभी खिलाड़ियों के चेहरे पर विजय की लालसा उनके हाव भाव, जोश उत्साह से परिलक्षित हो रही थी सभी टीमों ने जीत हासिल करने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन डीपीएस हल्दवानी, डीपीएस रानीप्र, डीपीएस प्रयागराज, डीपीएस बरेली, डीपीएस इंद्रानगर लखनऊ, डीपीएस कल्याणपुर कानपुर के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाते हुए विजय पताका लहरा दी। डी.पी. एस. प्रांगण तालियों की गणगणाहट से गुंज उठा।

# पीएम महिलाओं की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध : डॉ संगम मिश्र

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डॉ संगम मिश्र ने क्षेत्र के कई गांव में भ्रमण कर लोगों से संपर्क कर उनका हाल चाल जाना।उन्होंने शाहपुर कलां गांव में शिव मंदिर में निषाद समाज की एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो। यहां से सांसद बनने पर यहां बंद कारखाने को पुनः चालू करने का प्रयास करूंगा। नए कारखाने की स्थापना भी कराऊंगा। जिससे क्षेत्र के नवयुवकों को रोजगार मिल सके। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े होने के नाते मैं चाहूंगा कि जमुना पार के गांव-गांव में बच्चों के पठन-पाठन की अच्छी व्यवस्था हो। डॉ मिश्र ने कहा गरीब शोषित वंचित व जरूरतमंदों को उज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, घर-घर नल से जल एवं अन्य योजनाएं को मोदी- योगी सरकार द्वारा जन-जन तक उपलब्ध कराई जा रही है। आवारा पशुओं की समस्या पर डॉ मिश्र ने कहा कि मैं समस्या के निदान के लिए कार्य करूंगा। कहा कि सरकार ने नारी के सम्मान, स्वाभिमान व स्वावलंबन के लिए नारी वंदन अधिनियम को दोनों सदनों से पास कराया है। मोदी सरकार ने महिला आरक्षण पर मोहर लगाई है। आधी आबादी के लिए विकास का रास्ता खोला है।विशिष्ट अतिथि दिलीप शुक्ल ने कहा कि मोदी -योगी सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मंच का कुशल संचालन शंकरदेव त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर गायक कलाकार रविता कोयल ने अपने गीतों से निषाद समाज के लोगों एवं अन्य सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से त्यागी बाबा निराला, अमरेश मिश्र, राजाराम चौधरी, घनश्याम मिश्र, विजय प्रकाश, सुजल, जगवंती निषाद, रंगलाल निषाद, शिव मूरत निषाद, मणि निषाद, ननकू निषाद, अंकुर, संतोष निषाद, अशोक निषाद, पाले राम निषाद, दशरथ लाल निषाद, अशोक, आकाश निषाद, आदि बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मां कालरात्रि स्वरुप का पूजन अर्चन आरती सेमरी डीह दुर्गा पंडाल में

**जंघई।** नव दुर्गा पूजा समिति सेमरी डीह दुर्गा पूजा पंडाल में नवरात्रि के सातवें दिन शनिवार को मां कालरात्रि स्वरुप का पूजन अर्चन किया गया।सातवां दिन मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है यह मां दुर्गा का रौद्र रूप भी है जिसका वर्ण काला है इसलिए इन्हें मां काली या कालिका के नाम से भी जाना जाता है। माता का यह रूप अत्यंत भयंकर है, परंतु भक्तों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी है। माना जाता है कि मां काली की पूजा करने से व्यक्ति का सभी प्रकार का भय खत्म होता है। मां कालरात्रि की पूजा मध्य रात्रि में करने का विधान है साथ ही यह भी माना गया है कि मां काली की पूजा से अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। क्योंकि मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं इसलिए हिंदू धर्म में उन्हें वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। पूजन अर्चन आरती में प्रमोद मिश्रा, मोनू शर्मा, अंशू सिंह, अखिलेश शर्मा, अच्छे लाल कनौजिया, हर्ष शर्मा, अनुज पांडेय, सत्यम चौहान, अभिषेक यादव, संदीप यादव, निलेश शर्मा आदि रहे।

### राम से गले मिलकर खूब रोये भरत



**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला पी ए सी में शुक्रवार को भरत का अयोध्या आगमन, राम भरत मिलन एवं सूर्पनखा नाक विच्छेदन की लीला का भावपूर्ण मंचन प्रिया मिश्रा के कुशल निर्देशन में दृश्य एवं श्रव्य माध्यम से किया गया` भरत जब अयोध्या लौटते हैं और भैया राम के वनवास, पिता मरण एवं मां कैकई की भूमिका के बारे में सुनते हैं तो अपना सिर धुन लेते हैं। वह रोते हुए मां केकई से कहते हैं कि तुम मेरी मां नहीं हो और मैं तुम्हारा पुत्र नहीं हूं` तुमने जो कृत्य किया है, वह अक्षम्य है भरत गुरु वशिष्ठ से अनुमति लेकर राम को अयोध्या वापस लाने चित्रकूट पहुंचते हैं। साथ में गुरु वशिष्ट, तीनों माताएं एवं पुर जन भी चल देते हैं। भरत जी को पैदल चलते देखकर सेवक उन्हें रथ पर बैठने के लिए कहते हैं इस पर भरत कहते हैं कि सेवक धर्म अत्यंत कठोर है` मेरे प्रभु राम पैदल वन को गए हैं। मैं उनका सेवक हूं, मुझे तो सिर के बल चलकर जाना चाहिए` भरत जब राम से मिलते हैं, उनके चरणों में गिर पड़ते हैं, खूब रोते हैं और कहते हैं कि भैया मैं निरपराध हूं` अयोध्या के राजा आप ही हैं और आप ही रहेंगे ` मैं तो आपका सेवक हूं` आप चल कर अपना राज्य संभालिए राम भरत को धर्म समझाते हैं तो भरत राम की खड़ाऊ लेकर अयोध्या के राज सिंहासन पर विराजित कर देते हैं और स्वयं वनवासी वेश धारण कर राम के प्रतिनिधि के रूप में राज्य का संचालन करते हैं राम भरत मिलन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो जाती हैं सूर्पनखा की नककटी लीला ने पहले बच्चों को डराया फिर बहुत हंसाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल, नयन कुशवाहा, दिलीप केसरवानी, आर के शुक्ला, प्रमोद सिंह, जूही जायसवाल, आकांक्षा जायसवाल, धर्मराज पटेल, शालू चड्ढा, बृजेश सिंह, धीरेंद्र यादव, धनंजय सिंह, सुधीर चड्ढा, सिद्धू पांडेय, शिव तिवारी, वीरेंद्र शर्मा, रवि करण सिंह, समर बहादुर सिंह, सिद्धू पांडेय, सागर गुप्ता, सचिन्द्र वैश्य आदि ने सहयोग किया।

# ग्राम प्रधान से 10 हजार की घूस लेते ग्राम पंचायत अधिकारी गिरफ्तार, जेल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** एंटी करप्शन टीम ने बृहस्पतिवार की शाम सिविल लाइंस के एकलव्य चौराहे के पास से ग्राम पंचायत अधिकारी लवलेश पांडेय को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसने ग्राम प्रधान से मनरेगा के तहत किए गए कार्य के भुगतान की पत्रावली आगे बढ़ने के लिए दस हजार की मांग की थी। एंटी करप्शन में शिकायत किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को टीम ने सिविल लाइंस में घेरेबंदी की। प्रधान से ग्राम पंचायत अधिकारी को बुलवाया गया। पैसे लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उसे एंटी करप्शन निवारण कोर्ट वाराणसी में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया।नवाबगंज के भीटी रजईपुर गांव के उदय सिंह ग्राम प्रधान हैं। उन्होंने 16 अक्तूबर को एंटी करप्शन डिपार्टमेंट में शिकायत की थी कि श्रृंग्वेरपुर ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी लवलेश पांडेय उनसे दस हजार की रिश्वत मांग रहा है। उन्होंने बताया था कि मनरेगा के अंतर्गत किए गए कार्य के भुगतान की पत्रावली को आगे बढ़ाने के लिए पैसों की मांग की गई थी। प्रार्थनापत्र मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने जिलाधिकारी और कमिश्नर की अनुमति ली और बृहस्पतिवार को सिविल लाइंस में ट्रैप टीम के माध्यम से घेरेबंदी कर दी।

## सिविल लाइंस में एकलव्य चौराहे पर बुलाया था

ग्राम पंचायत अधिकारी लवलेश पांडेय को ग्राम प्रधान उदय सिंह से फोन कराया गया। कहा गया कि वह सिविल लाइंस में एकलव्य चौराहे के पास आकर रुपये ले ले। लवलेश पांडेय कुछ देर में एकलव्य चौराहा पहुंच गया। प्रधान ने जैसे ही उसे रुपये पकड़ाए, एंटी करप्शन टीम ने लवलेश को धर दबोचा। उसके पास से रिश्वत के 10 हजार रुपये बरामद हो गए।इसके बाद लवलेश को सिविल लाइंस थाने लाया गया। एंटी करप्शन की ट्रैप टीम के इंस्पेक्टर ठाकुर दास की तहरीर पर लवलेश पांडेय के खिलाफ भ्रष्टाचार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस भानु प्रताप ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई है। लवलेश नवाबगंज के अखय राज का पूरा, लाल गोपालगंज का रहने वाला है।

### ग्राम पंचायत अधिकारी को किया गया निलंबित

सिविल लाइंस में 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार ग्राम पंचायत अधिकारी लवलेश पांडेय शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने उसे वाराणसी की कोर्ट में पेश किया। उधर आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद उसे निलंबित भी कर दिया गया है।शुक्रवार सुबह 10 बजे के करीब भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम आरोपी को सिविल लाइंस थाने से लेकर वाराणसी के लिए रवाना हुई। दोपहर में पहुंचकर टीम ने उसे भ्रष्टाचार निवारण संगठन कोर्ट में पेश किया। साथ ही रिमांड अर्जी भी दी। कोर्ट ने अर्जी स्वीकार करते हुए रिमांड मंजूर कर ली। इसके बाद उसे वाराणसी जेल में दाखिल करा दिया गया। वहीं, डीपीआरओ बालगोविंद श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है।

## बीएड छात्रा से दुष्कर्म का आरोप निकला झूठा

**प्रयागराज।** अल्लापुर में बीएड की छात्रा को वाराणसी ले जाने व दुष्कर्म का मामला झूठा निकला। विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर जार्जटाउन पुलिस ने मामले में अंतिम रिपोर्ट लगा दी है। महज 16 दिनों में पुलिस की ओर से विवेचना पूरी कर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि छात्रा ने यूट्यूबर समेत कुल पांच पर मुकदमा दर्ज कराया था। इनमें से एक पर दुष्कर्म व अन्य पर जबरन वाराणसी ले जाने, मारपीट, धमकाने का आरोप लगाया था। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि 164 के बयान में पीड़िता आरोपों से मुकर गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों से भी पूछताछ की। विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई। 23 सितंबर को यह मुकदमा जार्जटाउन थाने में दर्ज किया गया था। जार्जटाउन पुलिस ने सक्रियता दिखाई और 16 दिन के भीतर विवेचना पूरी कर अंतिम रिपोर्ट लगा दी।अल्लापुर में रहकर पढ़ाई करने वाली छात्रा के साथ सरायअकिल कौशांबी की 21 वर्षीय युवती भी रहती है। छात्रा ने आरोप लगाया था कि यूट्यूबर सुमित, प्रियांशु, नितिश, सम्राट व निक्की 18 सितंबर को एसयूवी से उसे व उसकी रूम पार्टनर को संगम और फिर वाराणसी ले गए। रास्ते में अश्लील हरकत की। विरोध पर उसे पीटा। पिस्टल दिखाकर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद वाराणसी के एक होटल में ले जाकर एक युवक ने उससे दुष्कर्म किया।

# माघ मेला के प्रभारी अधिकारी बने दयानंद प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला के एडीएम दयानंद प्रसाद को माघ मेला 2023-24 का प्रभारी माघ मेला अधिकारी बनाया गया है। बलिया निवासी नवनियुक्त प्रभारी माघ मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद 2008 बैच के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी हैं। इनकी शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही हुई है। इनका प्रयागराज से विशेष लगाव रहा है। यह प्रयागराज जिले में एसडीएम, कुंभ मेला और अर्द्ध कुंभ मेला में एसडीएम और कुंभ मेला 2019 में एडीएम, पीडीए में सचिव और उप्र उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग में सचिव रह चुके हैं।

**मेला प्राधिकरण कार्यालय में स्वागत :** उन्होंने कहा कि शासन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करना है ताकि माघ मेला सकुशल संपन्न हो सके। कुंभ मेला के एडीएम दयानंद प्रसाद के प्रभारी अधिकारी माघ मेला बनाए जाने पर एडीएम कुंभ मेला डॉ. विवेक कुमार चतुर्वेदी, कुंभ मेला के तहसीलदार विवेक कुमार शुक्ला के अलावा अशोक कुमार, संस्था लिपिक चंद्रशेखर, देवराज मिश्रा सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारियों ने बुके देकर बधाई दिया है। उधर प्रभारी माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने कार्यालय में देर शाम मातहत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

प्रयागराज में आयोजित होने वाले अर्द्धकुंभ और कुंभ मेले का है अनुभव




## डेंगू से एक महिला की मौत, लगातार तीन मौत से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है

**सहसों।** क्षेत्र में रहस्यमई बुखार से एक महिला की मौत हो गई है। इसके पहले बसमहुआ गांव में एक छात्र एवं एक छात्रा की मौत हो चुकी है लगातार तीन मौत से क्षेत्र में हड़प्पा मचा हुआ है। महिला की डेंगू से मौत पर घर में कोहराम मचा हुआ है। थरवई थाना क्षेत्र के सकरा गांव निवासी सविता देवी (45) पत्नी लाल बहादुर दो-तीन दिन से बीमार थी। स्थानीय डॉक्टरों से इलाज करने पर आराम नहीं मिला। परिजन शहर स्थित अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया। जहां पर गुरुवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार प्लेटलेट्स की मात्रा कम हो गई थी। महिला मदारपुर प्राथमिक विद्यालय में स्थित केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर कार्यरत थी। मृतक महिला से दो बेटा व एक बेटी हैं। महिला की मौत पर प्रधानाध्यापक प्रभाकर मिश्रा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। आंगनबाड़ी जागरुकता मंच बहरिया की ब्लॉक उपाध्यक्ष विभा मिश्रा ने दुःख व्यक्त करते हुए आर्थिक सहायता की मांग की है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों का मौन व्रत

अखंड भारत संदेश

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उठाई मांग, महा हड़ताल की राह पर कर्मचारी

**प्रयागराज।** पुरानी पेंशन बहाली की मांगों के समर्थन में आज शनिवार को प्रयागराज में कर्मचारियों ने मौन व्रत रखा। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संयुक्त तत्वाधान में कर्मचारियों ने अपनी मांग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से भी की। इसके लिए कर्मचारियों ने पीएम और सीएम को ज्ञापन भी भेजा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एनसीआरएमयू के महामंत्री आरडी यादव के संयोजन में यह विरोध जताया गया।सभी कर्मचारियों ने मुंह पर पट्?टी बांधकर केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान दिलाया। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय तपन मिश्रा के माध्यम से ज्ञापन दिया गया और आगे के लिए आगाह किया गया कि यदि समय रहते केंद्र व राज्य सरकार नहीं चेती तो पुरानी पेंशन बहाली के लिए जनवरी में केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय पर हड़ताल की जाएगी उसके बाद इस पर भी नहीं माने तो केंद्र के चुनाव में हम सब पुरानी पेंशन के पक्ष में वोट करेंगे। विरोध जताने वालों में यह रहे उपस्थित : पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के सह संयोजक विनोद कुमार पांडेय, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय सचिव राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, राग विराग, ध्रुव नारायण, राम सुमेर, राजेश्वर शुक्ला, अरुण पांडेय, अखिलेश द्विवेदी, श्याम सूरत पांडेय, राजेश्वर शुक्ला, अल्पनारायण सिंह, सुरेश उपाध्याय, राजेश मिश्रा, अनिल कुमार, राकेश सिंह, शुभम त्रिपाठी, महेंद्र पुष्पाकर, कमल कुमार त्रिपाठी, नंदकिशोर, विवेक वर्मा,जितेंद्र चतुर्वेदी विनोद द्विवेदी, शैलेंद्र पटेल, बृजेंद्र यादव, राम सिंह, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, राजू प्रसाद, शेखर लाल, आशा, एसके सिंह, एसपी यादव, अरुण पाल, विनोद कुमार, राहुल पटेल आदि रहे।



## एमबीए के श्रेयांश, सृष्टि एवं एमसीए के सुधाकर, आस्था ने क्रमशः जीता मिस्टर और मिस फ्रेशर का खिताब

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी में शनिवार को यूनाइटेड ऑडिटोरियम में एमबीए और एमसीए कोर्स में प्रवेश लेने वाले नए बैच के छात्रों के स्वागत के लिए फ्रेशर फंक्शन आगाज 2ङ23 का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्रों को संबोधित करते हुए यूआईएम के प्राचार्य प्रो के के मालवीय ने सभी नवप्रवेशित छात्रों को उच्च अध्ययन के लिए कॉलेज चुनने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को अपने अगले दो शैक्षणिक वर्षों का सर्वोत्तम तरीके से उपयोग करने और गलत कार्यों से दूर रहने की सलाह दी। यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर) के प्रिंसिपल प्रो एचपी शुक्ला, यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी और यूआईएम-एफयूजीएस (फैकल्टी ऑफ अंडर ग्रेजुएट स्टडीज) के प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र तिवारी ने सभी नए छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर सीनियर्स ने मनमोहक सांस्कृतिक और संगीतमय प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। फ़्यूजन नृत्य, एकल और समूह नृत्य, कविता, बैंड प्रदर्शन, आलसी नृत्य और आकर्षक रैंप वॉक आयोजन के विशेष आकर्षण रहे। एमबीए के श्रेयांश तिवारी और सृष्टि शर्मा एवं एमसीए के सुधाकर पांडे और आस्था दुबे ने क्रमशः मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर का खिताब जीता। इस अवसर पर डीन, एचओडी और संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। एमबीए छात्रा अदिति चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नैनी पीएसी रामलीला में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता के आगमन पर एसपीओ टीम रही मुस्तैद

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी पीएसी कॉलोनी में सार्वजनिक रामलीला समिति में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी एवं प्रयागराज की पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता पहुंच कर कलाकारों का अभिवादन किया। मंत्री के रामलीला मंच पर पहुंचते ही रामलीला के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने उनका जोरदार स्वागत किया।सुरक्षा दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रही। स्थानीय पुलिस कस्बा चौकी प्रभारी उमाशंकर सिंह के साथ विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम तैनात रही। मंत्री के आगमन पर एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी विरेंद्र पटेल इकरामुल्लाह रामजी जायसवाल राकेश सोनकर समीर खान संजीव वर्मा राम जी अश्वनी शर्मा रमाशंकर चौरसिया सैय्यद सलीम आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# प्रेम विवाह के चलते संदिग्ध दशा में हुई युवक की मौत

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** प्रेम विवाह के बाद ससुराल में रह रहे युवक का संदिग्ध दशा में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज भेज दिया। थाना क्षेत्र के भारतगंज कस्बे के गाड़ीवान टोला वार्ड पांच निवासी रियाजुल हक ऊर्फ अप्पू ने थाने में सूचना दी कि उनका बड़ा बेटा अजमत हुसैन उर्फ चुम्मा (30) भारतगंज कस्बे के कटरा मोहल्ले में अपनी ससुराल में किराये के मकान के आंगन में मृत पड़ा मिला। बेटे के गले में फांसी के निशान हैं। सूचना पर मांडा व भारतगंज चौकी के पुलिस कर्मियों संग इंस्पेक्टर मांडा संजय संधू घटना स्थल पर पहुंच शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन प्रयागराज भेज दिया। अप्पू ने बताया कि उनके बड़े बेटे चुम्मा ने लव मैरिज शादी की थी, तभी से वह ससुराल में ही किराये के मकान में रहते थे। अक्सर ससुराल पक्ष से अक्सर विवाद और मारपीट की सूचना आती थी। उन्होंने लोगों पर हत्या का आरोप भी लगाया। मामले में इंस्पेक्टर मांडा संजय संधू ने बताया कि मौत की सूचना पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरयन प्रयागराज भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आप सांसद संजय सिंह की असंवैधानिक गिरफ़्तारी के खिलाफ काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी एवं जिला महासचिव सर्वेश यादव, कादिर भाई के नेतृत्व में आप कार्यकताओं का मोदी सरकार पर हल्ला बोल कार्यक्रम धरना स्थल पत्थर गिरजाघर सिविल लाइन प्रयागराज पर हुआ महामहिम राष्ट्रपति के नाम कार्यकताओं ने ज्ञापन सोपा।काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी ने बताया आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आवास पर ईडी द्वारा 12 घंटे तक छापेमारी कि गई, 8 दिनों तक उन्हे रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कि गयी लेकिन जाँच एजेंसी को कुछ हासिल नहीं हुआ इन सबके बावजूद सांसद संजय सिंह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को बयान दिए लेकिन उन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नही लिया सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं है,अभियुक्त को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नही आया अचानक से ईडी द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया । जिला महासचिव सर्वेश यादव ने कहा संजय सिंह ने मणिपुर हिंसा में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ सदन में आवाज उठाई तो उन्हे राज्यसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया और आज तक वो निलंबित है सांसद संजय सिंह लगातार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यको व समाज के कमजोर वर्गो की आवाज लगातार उठाते रहे है और मोदी सरकार से सवाल पूछते रहे है संजय सिंह ने समय समय पर किसानों के हितों की रक्षा के लिए , युवाओं के रोजगार के लिए , पुरानी पेंशन की बहाली के लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में बढ़ती मंहगाई के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाते रहे हैं। सांसद संजय सिंह के खिलाफ ये पूरा मामला फर्जी बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है आम आदमी पार्टी के कार्यकर्त्ता इस असंवैधनिक गिरफ़्तारी के विरोध में पूरे उत्तर प्रदेश में आंदोलनरत हैं । इस अवसर पर जिला महासचिव सर्वेश यादव,महानगर अध्यक्ष कादिर भाई, अरुण कुशवाहा, रेणुका राय,अमन कुमार,निखिल भारतीय, प्रशांत श्रीवास्तव, अरुण बिंद, आजमा प्रवीण, स्वामी चौरसिया, मुकेश जायसवाल अन्ना, गणेश चौरसिया, रमेश भारतीय, अजय निषाद,रविंद्र श्रीवास्तव, नीरज कुमार, नितिन सिंह पटेल, गोलू सोनकर,इमरान खान पामेला, दीपक गांगुली,प्रसून मिश्रा, संजीव कुमार तिवारी,मोहम्मद जवीर, डाक्टर जावेद, आदि सैकड़ो साथी मौजूद रहे।




## न्यूज झरोखा...

### राम प्रसाद अकादमी में बड़े धूम धाम से मनाया गया रूप सज्जा प्रतियोगिता



**नैनी।** नैनी में विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने रामायण के विभिन्न पत्रों की भूमिका निभाते हुए अभिनय किया जब छोटे-छोटे बच्चे देवी और देवताओं के रूप में प्रांगण में उपस्थित हुए तो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि संपूर्ण स्वर्ग लोक पृथ्वी पर उतर आए हो छात्र-छात्राओं ने भक्ति गीतों पर नित्य करके अपनी कल का प्रदर्शनी किया विद्यालय के संरक्षक अनिल पांडे नवरात्रि तथा विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालें विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषम सिंह ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय प्रतिभागी छात्र के द्वारा बोले गए संवाद तथा किस प्रकार बोलना है इसका मार्गदर्शन किया कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार पांडे ने किया विद्यालय के समस्त शिक्षक गणों ने कार्यक्रमों को समापन करने में अपनी अहम भूमिका निभाई समस्त विद्यालय परिवार के सहयोग से यह कार्यक्रम हर्षेल्लाह एवं उमंग भरे माहौल में सकुशल संपन्न हुआ।

### शारदीय नवरात एवं दशहरा पर्व को लेकर डीसीपी ने नैनी में किया पैदल मार्च



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को डीसीपी यमुना नगर आईपीएस अभिनव त्यागी ने एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी की फोर्स संग शारदीय नवरात एवं दशहरा पर्व को लेकर पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने मेवालाल बगिया, स्टेशन रोड, नैनी बाजार, शंकर ढाल समेंत अन्य क्षेंत्रों में रखी गई मां दुर्गा की प्रतिमा स्थल को भी देखा और संबंधित चौकी प्रभारी रात में गस्त लगाने को कहा। मार्च के दौरान इंस्पेक्टर नैनी अपराध साजिद अली खा नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह समेंत सभी चौकी प्रभारी मौजूद थे। इसीप्रकार सेंट्रल जेल नैनी का शनिवार को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की बैरक, अस्पताल, नव वयस्क बैरक, पाकशाला के साथ-साथ हाई सिक्योरिटी सेल का भी भी निरीक्षण किया। एडीएम सिटी मदनलाल एवं यमुनापार डीसीपी अभिनव त्यागी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने हाई सिक्योरिटी में बंद बंदियों की तलाशी भी ली और सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम भी देखा।

### माधव ज्ञान केंद्र नैनी में सीबीएसई द्वारा टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया



**नैनी।** कनैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र नैनी में सीबीएसई द्वारा टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया दिनांक 20 एवं 21 अक्टूबर 2023 को माधव ज्ञान केंद्र नैनी में जिसमें दिल्ली से आए अशोक मिश्रा ने सभी आचार्यों को प्रशिक्षित किया कप्रशिक्षण के दौरान सीबीएसई के नॉर्म्स ,रूल्स एंड रेगुलेशन, सिलेबस, करिकुलम ,फ्रेमवर्क एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में विस्तृत जानकारी दिया क्टीचरों को ऑनलाइन ट्रेंनिंग प्रोग्राम को ज्ञान अर्जन के लिए जरूरी बताया तथा सभी को अपडेट एवं अपग्रेड होने के लिए कहा कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने मुख्य प्रशिक्षक अशोक का परिचय कराया एवं सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन किया कइस प्रशिक्षण में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार मिश्रा ,सुरेश्वर प्रसाद मिश्रा, विभूति नारायण सिंह, राधेश्याम तिवारी, सभाजीत पाल सहित सभी उपस्थित रहे क

### मिशन शक्ति के तहत एसीपी ने किया जागरूक

**झूंसी।** कामता प्रसाद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शनिवार को मिशन शक्ति फेज 4 के तहत महिलाओ व बालिकाओ को जागरूक किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त झूंसी आस्था जायसवाल ने कहा कि किसी भी वक्त किसी भी तरह की मदद के लिए पुलिस को या फिर हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करे। उन्होंने कहा कि एंटी रोमियो महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा व मदद के लिए चलाई जा रही है। बालिकाओं को पंपलेट देकर महिला पुलिसकर्मियों ने गुड टच वह बैड टच व्यावहारिक अर्थ और मतलब भी समझाया और बैड टच से सदैव सचेत रहने की अपील की इसके अलावा आजकल बहुतायत में हो रहे साइबर फ्रॉड से बचने की अपील करते हुए महिला संबंधी अधिकारों के संबंध में जागरूक किया पुलिस हेल्पलाइन नंबर चाइल्ड केयर नंबर साइबर हेल्प नंबर व अन्य आपातकालीन नंबर से अवगत कराते सभी नंबर बालिकाओं की कॉपी व नोट कराया गया इस मौके पर थाना अध्यक्ष प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार राजपूत, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक अभय यादव, उप निरीक्षक प्रियंका सिंह, सिपाही रिशु यादव, गीता यादव, पिंकी यादव आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार न होने पर होगा आंदोलन - प्रतिमा रावत, प्रतिमा रावत ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र



**फूलपुर।** जनपद में डेंगू से हो रही मासूमों की मौत स्वास्थ्य विभाग व सरकार की नाकामी का परिणाम है। स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी है वहीं सरकार मुकम्मल ब्यवस्था होने का ढिंढोरा पीट कर खुद की पीठ थपथपाने का काम कर रही है। यह बाते शनिवार को समाजवादी महिला सभा गंगापार की जिलाध्यक्ष प्रतिमा रावत ने सरकार पर अपनी भड़ास निकालते हुए कही। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह को पत्र लिखकर प्रयागराज जिले में फैले डेंगू संक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही करने की मांग करते हुए पीड़ितों के लिए मुकम्मल ब्यवस्था उपलब्ध करवाने की मांग की। भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा की प्रदेश में मंहगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचारी चरम पर है जिसकी जिम्मेदार सूबे की सरकार है। स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर न होने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी और कहा की स्वास्थ्य विभाग अगर बेहतर सेवाएं नहीं देता है तो महिला सभा के कार्यकर्ता प्रदेश सरकार की ईट से ईट बजाने का काम करेगी।

### पुलिस ने शक्ति दीदी के तहत छात्रों को किया जागरूक



**जारी।** शनिवार को क्षेत्र के जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज जारी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भिस्कुरी में मिशन शक्ति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को चौकी इंचार्ज जारी शैलेंद्र कुमार यादव अपने हमराहियों के साथ जागरुक किया। हेल्पलाइन नंबर 102 ,108,112,1098 ,1090, 181,1076, एवं 1930 की जानकारी दी । बच्चों ने क्रियाकलाप के माध्यम से सबको जागरूक किया। शिक्षक गण तथा पुलिस टीम के सहयोग से बच्चों ने हेल्पलाइन नंबर के प्रति अनूठे ढंग से जागरूक करने का प्रयास किया। चौकी प्रभारी जारी शैलेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल बलवंत सिंह , महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी,कांस्टेबल अरविंद सिंह एवं विधालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं भी उपस्थित रही।

### राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस : रोशनी, रौनक, कृतिका, प्रियांश का जिला स्तरीय टीम में चयन

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में नोडल स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रधानाचार्य व नोडल समन्वयक एपी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 17 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सीनियर वर्ग में सात व जूनियर वर्ग में 10 प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते हुए छात्र-छात्राओं ने वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, पारंपरिक रीति रिवाज का मानव स्वास्थ्य में प्रभाव, शिवराजपुर में तपेदिक रोग का अध्ययन का गंभीरता से रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।सीनियर वर्ग में रोशनी केसरवानी व रौनक त्रिपाठी, जूनियर वर्ग में कृतिका केसरवानी, रुचि शुक्ला, प्रियांश केसरवानी, प्रियांशी ओझा व शुभी सिंह के प्रोजेक्ट जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से वैज्ञानिक सोच उत्पन्न होती है।छात्र अपने आसपास की समस्या का वैज्ञानिक विधि से निदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश धारिया ने किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 अक्टूबर को क्रॉस्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित होगी। कार्यक्रम में वकील प्रसाद शुक्ल, चंद्र बहादुर यादव, अनिल त्रिपाठी, अमन केसरवानी, गोल्डी गुप्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व मामलों के निस्तारण हेतु 64 टीमें गठित

## सम्पूर्ण समाधान दिवस रानीगंज में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 190 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 05 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 190 शिकायतों में से 94 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 33, विकास विभाग से 23, समाज कल्याण से 02, शिक्षा से 02 एवं 36 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने राजस्व मामलों के निस्तारण हेतु 64 टीमें गठित कर 03 दिवस के भीतर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये एवं शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर अथवा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुये जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये।



समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

आई0जी0आर0एस0 पोर्टल प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पोर्टल पर आयी हुई शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये, शिकायतें डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पायें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आई0जी0आर0एस0 पोर्टल की निरन्तर मानीटरिंग की जा रही है इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके, अधिकारीगण अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उपजिलाधिकारी रानीगंज, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में विभिन्न मांगों को लेकर गरजे अधिवक्ता, सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कुल पैतीस फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमें से तीन का निस्तारण किया गया। इसमें सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग व पुलिस विभाग से सम्बन्धित रहीं। लालगंज में एसडीएम लालधर यादव की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस शुरू होते ही संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में अधिवक्ता विभिन्न मांगो को लेकर नारेबाजी करते पहुंच गये। अधिवक्ताओं ने एसडीएम लालधर यादव व सीओ रामसूरत सोनकर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में रोड के किनारे अवैध अतिक्रमण व रोड पर ठेला की भरमार के चलते जाम की समस्या रहती है। अधिवक्ताओं ने मांग उठाई की इंदिरा चैक पर हो रही डग्गेमारी को लेकर लगातार ज्ञापन देने के बाद भी अंकुश नही लग सका। अधिवक्ताओं ने अफसरों से किसानों के सामने आवारा मवेशियों की समस्या को भी उठाया। जिस पर अधिकारियों ने समस्याओं का निस्तारण का आश्वासन देकर अधिवक्ताओं को शांत कराया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, विनय शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, मनीष दुबे, विमल यादव, अंकित सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, सिंटू मिश्र, केबी सिंह, टीपी यादव, संजय सिंह, लाल विनोद सिंह, धीरेन्द्र शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर चिलबिला पर बना चंद्रयान-3 पंडाल बना भक्तों के आकर्षण का केंद्र

### लोगों के लिये बना पण्डाल बना सेल्फी प्वाइंट

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जय मां दुर्गा पूजा समिति हनुमान मंदिर तालाब चिलबिला पर तिरंगा द्वारा निर्मित चंद्रयान 3 के रूप में पंडाल भक्तों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भक्तगणो के लिए यह पंडाल सेल्फी प्वाइंट बना हुआ है। शाम से ही भक्तों की लंबी लाइन लग रही है यहां भक्त तिरंगा रूप में निर्मित पंडाल एवं चंद्रयान 3 का आकर्षक रूप को देखते हुए पहाड़ पर विराजमान शेषनाग का दर्शन करते हुए गुफा के अंदर शीतल जल से होते हुए हरिद्वार के स्टोन मोती से निर्मित मां की भव्य प्रतिमा का दर्शन कर रहे हैं।



हनुमान मंदिर चिलबिला में बना चंद्रयान-3 पण्डाल।

पंडाल के संचालक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि इस पंडाल की स्थापना 1997 से हनुमान जी महाराज की कृपा से शुरू की गई थी। यह एक ऐसा पंडाल है जिसमें अध्यक्ष हनुमान जी महाराज हैं और संरक्षक भगवान भोले शंकर जी हैं। माताजी स्वयं विराजमान है उन्हीं की कृपा से इस बार चंद्रयान 3 के रूप में पंडाल निर्मित किया गया है। भक्तों को जब चंद्रयान 3 जमीन से धुआं देकर ऊपर उठता है तो भक्ति बिना जयकारे लगाए रह नहीं पाते हैं। पंडाल की सेवा में लगे सुरेश अग्रवाल, विजय कुमार, राकेश कुमार, श्याम बाबू उमरवैश्य, आशीष कुमार, शनी महराज, आदर्श कुमार, अमन गुप्ता, सुरज कुमार, विवेक कुमार यादव, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, चंदन, अर्जुन, सोनू, जितेश गुप्ता, सूरज उमरवैश्य, आयुष गुप्ता, आशीष लाइट, ऋषभ, सुरेश माली आदि हनुमान भक्त सेवा कर रहे हैं।

## परियावां की बेटी का बिहार राज्य सरकार में अध्यापक पद पर हुआ चयन, खुशी

अखंड भारत संदेश

**परियावां प्रतापगढ़।** आज के युग मे बेटिया किसी से कम नही है तभी तो जनपद प्रतापगढ़ के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां निवासी विजय अग्रहरि की बेटी स्नेहा अग्रहरि का बिहार राज्य सरकार मे प्राथमिक विद्यालय मे अध्यापक पद पर चयन होने की जैसे ही जानकारी परिजनों को हुई सभी खुशी से झूम उठे और अपनी बेटी स्नेहा को चूमते हुए गले से लगा लिया। स्नेहा का शिक्षक पद पर चयन होने की खबर आस पास व इष्ट मित्रो को मिलते ही फोन पर व घर जाकर बधाई दिया। मालूम हो कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां निवासी विजय अग्रहरि की बेटी स्नेहा का बिहार राज्य सरकार मे शिक्षक के पद पर चयन हुआ। स्नेहा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता व पिता को बताया कहा कि मेरे पिता ने मेरी शिक्षा पर अपना बराबर का सहयोग दिया।



स्नेहा अग्रहरि।

## देवी मूर्तियों के विसर्जन स्थल पर ईओ ने किया निरीक्षण

### नगर पालिका चार सौ मूर्तियों के विसर्जन के लिये बना रही गड्ढे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में लगी सैकड़ों मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन प्रायः विजयदशमी के दिन तथा कुछ मूर्तियों का विसर्जन भरत मिलाप होने के बाद होता है। इन मूर्तियों के विसर्जन के लिये प्रशासन ने बेल्हा देवी के पास जगह निर्धारित की है। वहां मूर्तियों के विसर्जन के लिये गड्ढों का निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है।

नगर पालिका यहां गड्ढों का निर्माण करने के बाद इसमें सई नदी का जल भर देगी, जहां मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। इस कार्य का आज नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व जेई थे। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी संजीव रंजन व नगरपालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देशन में सुबह से ही नगर पालिका के कर्मचारी गड्ढा खोदने का काम शुरू कर दिये हैं। दो दिनों के अंदर चार सौ मूर्तियों के विजर्सन के लिये गड्ढा तैयार हो जाने की पूरी आशा है। इस बारे में अधिशाषी अधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देश भी जारी किये हैं।



सई नदी के किनारे गड्ढों का निर्माण करती नगर पालिका की टीम।

## दिव्य प्रेम सेवा मिशन का हिंदवी स्वराज के 350वें वर्ष पर भव्य समारोह आयोजित

### छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्भुत जीवन हुई व्यापक चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के तत्वावधान में हिंदवी स्वराज के 350 वें वर्ष पर छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्भुत जीवन कृतित्व पर नगर के मुनीश्वरदत्त पीजी कालेज प्रतापगढ़ में जाणता राजा विषय पर विशाल समारोह हुआ।

समारोह का आरंभ दीप प्रज्वलित करके हुआ। मुख्य वक्ता शतरुद्ध प्रताप सिंह ने कहा कि शिवाजी महाराज बहुमुखी प्रतिभा-संपन्न राजा थे। कुशल शासक होने के साथ-साथ वे प्रजा कल्याण पर विशेष ध्यान देते थे। राज्य की सुरक्षा के लिए उन्होंने जल-थल सहित प्रत्येक क्षेत्र को सुदृढ़ बनाया। मुख्य अतिथि पूर्व बाल न्यायाधीश एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि शिवाजी महाराज ने मुगलों द्वारा विनष्ट किए जा रहे भारतीय धर्म और संस्कृति को बचाने की प्राण-प्रण से कोशिश की। लोकतंत्र और जनकल्याणकारी राज्य की स्थापना करने में वे सफल रहे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संगमलाल त्रिपाठी भंवर ने देशभक्ति की कविता सुनाई। आयोजक सुप्रसिद्ध चिंतक डॉ. श्रद्धा सिंह ने सभी का स्वागत किया। एमबीपीजी कालेज के प्रोफेसर डॉ. अरविंद मिश्र ने आभार व्यक्त किया। सुंदर संचालन नवोदित कवयित्री आकांक्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर अजय मिश्र, शावक सिंह, डॉ. रेखा सहित कालेज स्टाफ तथा छात्र-छात्रा उपस्थित थे।



समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

## स्टेट बैक परियावां का एटीएम मशीन खराब

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवरात्रि के समापन पर बैंक लगातार तीन दिनों से बन्द होने पर ग्राहकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि परियावा बाजार स्थिति स्टेट बैंक का ए टी एम मशीन खराब हो जाने से शनिवार से लेन देन बन्द हो गया, जिसके चलते त्योहार पर बैंक लगातार 3 दिनों तक बंद होने से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परियावां बाजार मे सिर्फ स्टेट बैंक का एटीएम सुविधा है। बाकी किसी अदर बैंक का एटीएम नही है ग्राहक सेवा केंद्र मे इतना पैसा नही उपलब्ध रहता कि तीन दिन तक ग्राहकों का भुगतान कर सके। स्थानीय लोगो ने बैंक के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृस्ट कराया है।

## जौनपुर के सुनील पहलवान ने जीता खिताब, गाजीपुर के राजेश बने उप विजेता

### पहलवानों को विधायक विनोद सरोज व कुलपति डॉ. एसबी शुक्ल ने दिये पुरस्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ढ़िगवस स्थित जगदीश इण्टर कालेज परिसर में शुक्रवार को आयोजित स्वर्गीय शशिधर मिश्र स्मारक प्रतियोगिता में देश के नामचीन पहलवानों ने किस्मत आजमायी। इसमें जौनपुर के पहलवान सुनील ने चैम्पियनशिप का खिताब हासिल कर विपक्षी पहलवानों को चित्त कर दिया।

प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ सौ पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इनमें से कुछ रोमांचक मुकाबले देखकर दर्शक तालियां बजाते रहे। लखनऊ के भूपेन्द्र पहलवान ने रायबरेली के अश्विनी को पटखनी दी। इसी तरह गाजीपुर के अशोक ने चंदौली के सतीश को दमदार मुकाबले मे हराया। राजस्थान के भुल्लर पहलवान को हराकर हरिद्वार के राहुल ने रोमांचक जीत दर्ज की। राहुल ने कई पहलवानों को पटखनी दी। हालांकि वह फाइनल में प्रवेश नही पा सके। इसी तरह महिला पहलवानों ने भी दांवपेंच से विपक्षी को पटखनी दी। दिल्ली की पहलवान वैशाली ने वाराणसी की प्रीती को हराकर जीत दर्ज की। वहीं वाराणसी की शिवांगी ने गोरखपुर की सपना यादव को कड़े मुकाबले में हरा दिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जौनपुर के पहलवान सुनील कुमार व गाजीपुर के राजेश कुमार के बीच हुआ। आधे घण्टे चले जोरदार मुकाबले में सुनील ने राजेश को पटखनी देकर खिताब जीत लिया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक व जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज व विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 एसबी शुक्ल ने विजयी पहलवानों को पुरस्कार बांटे। अतिथियों ने कुश्ती को देश का प्राचीन खेल बताते हुए इसे आगे बढ़ाने की बात कही। सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी कुश्ती के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजक ग्राम प्रधान शांतिभूषण मिश्र उर्फ रज्जन व शिवभूषण मिश्र उर्फ सज्जन ने अतिथियों व पहलवानों के प्रति आभार जताया। रेफरी की भूमिका में लालजी तिवारी, प्रदीप दुबे और उदघोषक की भूमिका में रामेश्वर शुक्ल व आद्या शुक्ल रहे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, डा. शक्ति कुमार पाण्डेय, विभवभूषण शुक्ल, कमलेश दुबे, हौंसिला प्रसाद ओझा, प्रदीप पाण्डेय, ललित कुमार मिश्र, अमरदीप शुक्ल, विजय कुमार मिश्र, लल्लन तिवारी, गब्बर सिंह, राजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## माँ दुर्गा की आराधना से अन्याय के खिलाफ लड़ने की मिलती है प्रेरणाः प्रमोद तिवारी

### प्रमोद व मोना ने दुर्गा पूजा पाण्डालों में जनकल्याण को लेकर टेका मत्था

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने शनिवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव को लेकर कार्यक्रमों में शामिल हुए। सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर व लालगंज इलाके में विभिन्न स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा पाण्डालों में माथा टेककर जनकल्याण की कामना की।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि आदिशक्ति की पूजा से हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर गगनयान मिशन के क्रू मॉडयूल में तकनीकी बाधा के कारण विलम्ब के बाद भी सफलतापूर्वक परीक्षण के लिए इसरो से जुड़े इस अभियान में सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उधर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के बेलहा, धारूपुर, जलेशरगंज, हरनाहर, खण्डवा, जनई, मोठिन, रामपुर, भटनी आदि स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में शामिल हुई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज आदि मौजूद रहे।

## एमडीपीजी कालेज ने एसवीएम को हराकर पाया विजेता का खिताब

### एमडीपीजी कालेज में चल रही अंतर्महाविद्यालीय पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में चल रही प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय पुरुष वालीबाल प्रतियोगिता में एमडीपीजी कॉलेज ने एसवीएम डिग्री कॉलेज लालगंज को दो-एक से पराजित कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। दोनों ही टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ।

प्रथम सेट में एमडीपीजी ने लालगंज को 21-09 से पराजित किया जबकि दूसरे सेट में लालगंज ने एमडीपीजी को 21-19 से पराजित किया। तीसरे सेट में एमडीपीजी की टीम विजयी रही। सेमी फाइनल में एमडीपीजी ने पीबीपीजी कॉलेज को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि यसबीएम लालगंज ने डिग्री कॉलेज उपरदहा प्रयागराज को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उद्घाटन मैच डिग्री कॉलेज उपरदहा प्रयागराज एवं यूनाइटेड डिग्री कॉलेज प्रयागराज के बीच हुआ जिसमें उपरदहा डिग्री कॉलेज ने यूनाइटेड डिग्री कॉलेज को लगातार दो सेटों में पराजित किया। पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। आज ही विश्वविद्यालय की महिला टीम गठित करने के लिए महिला खिलाड़ियों का भी ट्रायल कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने एवं संचालन डॉ संतोष कुमार पांडे ने किया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत एवं क्रीडाध्यक्ष प्रो पी के सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडे विश्वविद्यालय के पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो पवन कुमार पचौरी, प्रो अरुण कुमार तिवारी, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ,डॉ बलराज मिश्र,डॉ मृदुल उपाध्याय, डा अनीश द्विवेदी आदि ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।



वालीबाल प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते प्राचार्य अतिथिगण

## महिला शक्ति के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के प्रारम्भ होने के उपलक्ष्य में पुलिस व ब्लाककर्मियों की ओर से जागरूकता रैली निकाली गयी। शनिवार को ब्लाक परिसर से निकाली गयी रैली को खण्ड विकास अधिकारी इन्दुप्रकाश श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की कार्यकत्रियों ने नगर में घूमकर लोगों को महिला अपराध के लिए चलायी जा रही शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। महिला हेल्पलाइन, महिला हेल्पडेस्क, डॉयल एक सौ बारह, दस-नब्बे महिला हेल्पलाइन समेत महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जागरूकता प्रदान की गयी। इस मौके पर डीएमएम सुमन पाण्डेय, वीएमएम रंजना पटेल, दिनेश कुमार, किरन तिवारी, मीरा मिश्रा, मालती, गुंजा, सोनी, माण्डवी, कृष्णा, रेखा, रेनू, कुसुम, मिथिलेश आदि मौजूद रहीं।

## चमरौरा पुल पूरी तरीके से हुआ क्षतिग्रस्त, परेशानी

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला का चमरौरा पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे यात्रियों को आवागमन में असुविधा हो रही है। बता दें कि बरेली से आए बिल्डर द्वारा पुल मरम्मत कार्य जारी है लेकिन पुल मरम्मत के दौरान दबंगई से वाहनों का आवागमन जारी है। इसे लेकर वाहनों को रोकने पर स्थानीय लोगों से विवाद भी हो गया। विवाद की जानकारी होने पर सीओ सिटी करिश्मा गंप्ता ने वहां पर पुलिस फोर्स भेजकर चार पहिया वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी।

## संपादक की कलम से

# ईडी की शक्ति के स्पष्टीकरण से भाजपा को झटका

**गुटनिरपेक्षता** से लेकर अगले सप्ताह दिल्ली में जी-20सवालों का शोर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिये गये एक अहम फैसले से केन्द्र द्वारा किये जा रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग की कोशिशों को झटका लग सकता है। पिछले 9 साल से अधिक समय से जिस प्रकार मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनैतिक विरोधियों के लिये कर रही है, वह सम्भवतः दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले से रुक सकता है। ईडी की शक्तियों के स्पष्टीकरण के बाबत दिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक तो है ही, इसलिये भी दूरगामी हो सकता है क्योंकि इससे भारतीय जनता पार्टी सरकार की मनमानी पर अंकुश लग सकता है। जिस तरह से ईडी, आयकर एवं सीबीआई की शक्तियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार कर रही है, उससे ज्यादातर विरोधी दलों के नेता, वैचारिक विरोधी आदि परेशान हैं, उनके लिये भी यह राहत की बात होगी। आशीष मित्तल नामक व्यक्ति द्वारा एडुकॉम्प मामले में प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के गुरुवार को दिये फैसले में स्पष्ट किया गया कि 'धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है।' हालांकि अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी पर यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की। मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के समक्ष पेश होने का सम्मन जारी किया गया था। उन्हें आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा अथवा बलि का बकरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें ईसीआईआर की कॉपी नहीं दी गई थी। जस्टिस अनूप भंभानी ने कहा कि 'गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों।' अदालत ने साफ किया कि 'पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है।' फैसले में आगे कहा गया- 'हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए सम्मन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।' जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, 'अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक प्रावधान के विरूद्ध होगी।'
जस्टिस भंभानी ने इस फैसले में ईडी की शक्तियों के मनमाने दुरुपयोग पर विस्तार से व्याख्या की है। इस फैसले का न्यायिक क्षेत्र में तो असर पड़ेगा ही, वर्तमान सियासी माहौल पर भी सकारात्मक प्रभाव होगा।

# क्या इंडिया गठबंधन के टूटने की शुरूआत हालिया विधानसभा चुनावों से ही होगी ?

अशोक भाटिया



देश में अगले साल होने वाले आम चुनाव में एनडीए को हराने के लिए कई विपक्षी पार्टियां एक साथ मैदान में उतरने का फैसला कर चुकी है। कुछ महीने पहले ही 28 विपक्षी दलों ने बेंगलुरु में बैठक कर एक नए एलायंस की शुरूआत भी की थी जिसका नाम INDIA इंडिया दिया गया। इंडिया गठबंधन बनने के बाद से ही इसे ऐसे पेश किया जा रहा है जैसे ये आने वाले आम चुनाव में भाजपा के लिए चुनौती बन सकता है। लेकिन इस बात में भी कोई दोराय नहीं है कि जब से इस गठबंधन की शुरूआत हुई है तब से ही इसके भीतर रार की खबरें आम हो गई हैं। कभी प्रधानमंत्री पद को लेकर तो कभी सीट बंटवारे को लेकर, अलग-अलग मंचो पर इस गठबंधन के नेता एक दूसरे से नाराजगी जताते नजर आते रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण मध्यप्रदेश में 15 अक्टूबर को कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी होने के बाद भी देखा गया। दरअसल 15 अक्टूबर को कांग्रेस ने 3 राज्यों छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। साथ ही ऐसी उम्मीद की जा रही थी कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकती है।
लेकिन कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट में उन सात सीटों में से चार पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी, जहां अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी पहले ही लिस्ट में उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी थी। कांग्रेस की इस लिस्ट ने न सिर्फ मध्यप्रदेश में कांग्रेस-सपा गठबंधन के अफवाहों पर फुलस्टाप लगा दिया बल्कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी नाराज कर दिया है। 15 अक्टूबर को ही अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले एक वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस को लेकर अपनी नाराजगी जताई थी।समाजवादी नेता ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस चाहती ही नहीं की भाजपा हारे। उन्होंने एक रिपोर्ट में ये भी बताया, 'सपा ने कांग्रेस पार्टी को बताया था कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में 10 सीटें चाहती है। लेकिन कांग्रेस ने कम सीटों की पेशकश की थी। फिर अचानक ही इतने सारे उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया।' इन्ही कारणों से मध्यप्रदेश में कांग्रेस औरसमाजवादी के बीच तलवार खिंची हुई हैं। अब तक 19 सीटों पर दोनों दलों के उम्मीदवार आमने-सामने हैं। मध्यप्रदेश में समाजवादी के पिछले चुनावी प्रदर्शनों को देखते हुए कांग्रेस ने उसके सीटों के दावों को भाव नहीं दिया है और राह अलग कर ली है। ऐसे में नजरें इस पर टिक गई हैं कि समाजवादी की अलग दावेदारी कांग्रेस पर क्या असर डालेगी?
कांग्रेस की इस लिस्ट के बाद ये तो तय हो गया है कि मध्य प्रदेश के चुनाव मैदान में दोनों ही पार्टियां अकेले उतरेगीं। लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या इसका असर लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले सीट बंटवारे पर पड़ेगा, आखिर इंडिया गठबंधन में एकता क्यों नहीं बन पा रही है?15 अक्टूबर को कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट के बाद समाजवादी और कांग्रेस में सब ठीक नहीं है ये तो जगजाहिर हो ही चुका है। लेकिन इस रार का असर लोकसभा चुनाव की सीटों पर भी असर डालना शुरू कर चुका है। दरअसल मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कानपुर पहुंचे थे। वहां अखिलेश यादव एक बयान देते हुए सबको चौंका दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, गठबंधन पर कांग्रेस निर्णय ले। अखिलेश यादव ने ये भी कहा कि अगर प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं होगा तो देश स्तर पर भी नहीं हो सकता है। उत्तरप्रदेश की लोकसभा सीटों पर गठबंधन कर मैदान में उतरने के सवाल पर अखिलेश कहते हैं कि गठबंधन की बातें और खबरें चली है, लेकिन खबरों में क्या चलता है इससे हमें फर्क नहीं पड़ता।समाजवादी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक को साथ लेकर 80 सीटों पर भाजपा को हराने की रणनीति तैयार करेगी। अखिलेश यादव के बयान के तुरंत बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी (कांग्रेस) अखिलेश यादव की शर्तों पर नहीं, अपने संकल्पों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की तैयारी उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है। सीटों के बंटवारे और गठबंधन का फैसला हाईकमान लेगा। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष पहले ही एलान कर चुके थे कि उनकी पार्टी मिजोरम को छोड़कर बाकी चार राज्यों में भी चुनाव लड़ेगी। मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी पहले ही अपने छह उम्मीदवारों के नामों का एलान कर चुकी थी तो वहीं अब छत्तीसगढ़ को लेकर भी तैयारी की जा रही है। समाजवादी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में भी 40 निर्वाचन क्षेत्रों की सूची तैयार की है, जहां से पार्टी ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं कि अब उत्तर प्रदेश से बाहर भी पार्टी का विस्तार किया जाए और समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर की पार्टी में बदला जाए। पिछले काफी समय से वो इसकी कोशिशें भी करते आ रहे हैं। 2024 से पहले समाजवादी पार्टी अब विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी बन गई । ऐसे में वो दूसरे राज्यों में भी अपनी ताकत को दिखाकर 20 24 में कुछ ज्यादा सीटें हासिल करना चाहेगी। देखा जाय तो वर्ष 2018 के चुनाव में पार्टी ने 52 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, हालांकि उसे सिर्फ एक सीट मिली थी। वर्ष 2013 में पार्टी ने 164 सीट पर किस्मत आजमाई थी, पर पार्टी किसी भी सीट पर जीत दर्ज करने में विफल रही थी। अगस्त महीने में मध्यप्रदेश में विधायक रह चुके लक्ष्मण तिवारी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। वहीं सतना के जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव संजय सिंह भी समाजवादी पार्टी में शामिल हुए थे। जाहिर-सी बात है कि मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी का एक्टिव होना कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।इसके पहले समाजवादी पार्टी ने ऐलान किया था कि आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से पूर्व विधायक सूरजभान धानका समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी होंगे। अखिलेश ने सोशल मीडिया पर लिखा- घोसी की घोषणा पूरे देश के लिए संदेश बन गई है। वहीं, राजस्थान में भी समाजवादी पार्टी इस बार पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। राजस्थान के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और जनता दल के राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रहे अर्जुन देथा ने अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की। चुनावी रणनीति पर चर्चा की।जबकि छत्तीसगढ़ में भी पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसे अखिलेश यादव के पॉलिटिकल स्ट्रेटजी भी माना जा रहा है क्योंकि अगर इन राज्यों में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के साथ सीटों पर कोई तालमेल नहीं करती है तो उसका सीधा असर उत्तर प्रदेश में भी सीट बंटवारे पर पड़ेगा। वर्ष 2018 के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में 85 सीट, मध्य प्रदेश में 208 सीट, राजस्थान में 142 सीट और तेलंगाना में 41 सीट पर अपनी किस्मत आजमाई थी। पर पार्टी किसी राज्य में कोई सीट जीतने में विफल रही थी। हालांकि, 2018 के चुनाव में रालोद ने राजस्थान में एक सीट जीती थी।छत्तीसगढ़ राज्य में अभी कांग्रेस की सरकार है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने घोषणा की है कि वो राज्य की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी आप के मध्य प्रदेश प्रभारी बीएस जून ने कहा कि उनकी पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ेगी। रविवार को उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस साल के अंत में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव के लिए जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी करेगी। उन्होंने कहा था कि मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी पूरी मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी में जुटी है। प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर हम चुनाव लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे। प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही प्रत्याशियों के नामों की सूची भी जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में सिर्फ सर्वेक्षण ही टिकट देने का मापदंड होगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के हर जिले में हम परिवर्तन यात्रा निकाल रहे हैं। जिसका समापन चार अगस्त को होगा। जून ने दावा किया कि परिवर्तन यात्रा के दौरान लोगों का आम आदमी पार्टी के प्रति एक जुड़ाव दिख रहा है और हमें अपार जनसमर्थन मिल रहा है।
आप पार्टी का मानना है कि जनता मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का विकल्प चाहती है और उसे आपविकल्प के तौर पर दिख रही है। दिल्ली से आप के विधायक जून ने कहा कि मध्य प्रदेश में हम बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश में जनता आप के साथ है और पार्टी की मध्य प्रदेश में सरकार बनेगी। सरकार बनने के बाद दिल्ली की तरह ही मध्य प्रदेश में हम शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की सुविधाएं लोगों को देंगे। इस साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी ने लोगों को जुड़ने के लिए मिस कॉल नंबर भी जारी किया हुआ है। इसके साथ ही ये भी वादा किया है कि जो फ्री सुविधाएं पंजाब और दिल्ली में आप सरकार दे रही है। उसे मध्य प्रदेश में भी दिया जाएगा। इस बयान से आपको समझ में आ गया होगा कि मध्य प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी उसी रणनीति के साथ उतरने की तैयारी में है।

# मैंगलोर से इंदौर तक स्त्रियों को बांधने की कोशिश

पलाश सुरजन

**मौजूदा वक्त में** धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं।
मध्यप्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में पिछले दिनों एक अजीब वाकया हुआ। यहां एक बुजुर्ग को ने एक कैफे को आग के हवाले कर दिया। कैफे संचालक की शिकायत गिरफ्तार किये गये इस शख्स ने पुलिस को जो कारण बताया, वह बड़ा ही हास्यास्पद है। उसने कहा कि वह कई दिनों से देख रहा था कि कैफे में लड़कियां आती हैं, सिगरेट खरीदती हैं और वहीं खड़े होकर धुआं उड़ाती हैं। यूं खुलेआम लड़कियों के सिगरेट पीने से उसे सख्त ऐतराज था और इसी बात के चलते उसने सोचा कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। बस फिर उसने कैफे में आग लगा दी। इस मामले ने कोई डेढ़ दशक पहले मैंगलोर में हुई उस घटना की याद दिला दी जिसमें हिंदूवादी संगठन श्रीराम सेने के 40 से भी अधिक कार्यकताओं ने एक पब में जबरदस्ती घुसकर वहां मौजूद लड़कियों के साथ बदसलूकी की थी, यहां तक कि उन्हें जमीन पर पटक भी दिया था। इस घटना के बाद श्रीराम सेने के मुखिया प्रमोद मुथालिक ने कहा था, 'जिसने भी यह किया है उसने अच्छा काम किया है। लड़कियों का पब में जाना स्वीकार्य नहीं है। इसलिए, सेना के सदस्यों ने जो भी किया वह सही था।'
ये दोनों मामले बताते हैं कि पिछले डेढ़ दशक में गंगा से लेकर कावेरी तक में चाहे जितना पानी बह गया हो, स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज का रवैया जस का तस है। लगभग हर परिवार ये चाहता है कि उसकी बेटी कल्पना चावला बने लेकिन लक्ष्मण रेखा के भीतर रहकर सीता भी बनी रही। इस अपेक्षा के मुताबिक न चलने पर न जाने कितनी लड़कियों की इज्जत की खातिर हत्या कर दी जाती है, जात-बिरादरी से वे बाहर निकाल दी जाती हैं, पैतृक संपत्ति से उन्हें बेदखल कर दिया जाता है और कहीं तो उन्हें मरा हुआ तक घोषित कर दिया जाता है। अंकिता भंडारी जैसे काण्ड समाज की इस धारणा को मजबूती देते हैं कि लड़कियां अगर बाहर हैं और अकेली भी, तो वे सुरक्षित रह ही नहीं सकतीं। लेकिन इसी समाज में वो लोग भी हैं जो बलात्कारियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, दुष्कर्म के आरोपी नेता के लिए तख्तियां लेकर खड़े हो जाते हैं कि हमारा विधायक निर्दोष है। ऐसी दोहरी सोच वाले समाज को लड़कियों का अकेले रहना, अकेले घूमना-फिरना, अपनी मर्जी से अपना साथी चुनना या फिर अविवाहित रह जाना, पान के ठेले पर खड़े होना या जाम लेकर चियर्स कहना भला कैसे रास आयेगा। कुल मिलाकर परिवार या खानदान की इज्जत लड़की को ही बचाना है और संस्कृति की रक्षा का दारोमदार भी उसी पर है। उसके सिगरेट-शराब पीने से ये सब चीजें खतरे में आ जाती हैं और अगर उसने ये सबके सामने कर लिया तो शायद प्रलय ही आ जायेगी। खुलेपन के सारे मजे लड़के लूटें लेकिन लड़कियों को उनका हिस्सा न मिले - श्रीराम सेने जैसे संगठन से लेकर एक अकेले बुजुर्ग तक ये सुनिश्चित करने के लिये तैयार बैठे हैं।
दोपहिया वाहन बनाने वाली एक कंपनी ने लड़कियों को लक्ष्य करते हुए नारा दिया था - व्हाई शुड बॉयज हैव ऑल द फन यानी लड़के ही सारा मजा क्यों लें। इंदौर के बुजुर्ग ने जो किया वह महज एक सनक नहीं है, बल्कि एक मानसिकता है जो कहती है - व्हाई शुड गर्ल्स हैव फन एट ऑल ! स्त्रियों पर जैसी बंदिशें अफगानिस्तान में तालिबानी हुकूमत ने लगाई हैं या ईरान में जिस तरह अपनी आजादी के लिये महसा अमीनी जैसी स्त्रियों को अपनी जान की कुबार्नी देनी पड़ी है, इस मानसिकता के चलते वैसी परिस्थितियां अपने यहां भी बन सकती हैं। ऐसा इसलिए भी कि मौजूदा वक्त में धर्म और संस्कृति को लेकर दुराग्रह देश में बढ़ता जा रहा है, उससे लगता है कि देर-सबेर स्त्रियों पर बंधन बढ़ेंगे ही नहीं, वे पहले से ज्यादा मजबूत भी होंगे और येन केन प्रकारेण उन्हें जायज भी ठहरा दिया जायेगा। लेकिन यह विश्वास किया जा सकता है कि स्त्रियों ने पितृसत्ता की बाधाओं को पार कर थोड़ी-बहुत जो जगह अपने लिये बनाई है, वे उसे यूं ही नहीं जाने देंगीं।
इसके लिये फिलहाल एक उदाहरण काफी होगा। श्रीराम सेने के हमले के खिलाफ महिलाओं के एक समूह ने तब 'पिंक चड्डी अभियान' चलाया था। सर्वथा अनूठे और अहिंसक इस अभियान के तहत देशभर से बड़ी संख्या में महिलाओं के अधोवस्त्र श्रीराम सेने के दफ्तर को भेजे गये थे। उसके बाद फिर कभी उस घटना का दोहराव देखने-सुनने को नहीं मिला। वैलेंटाइन डे पर लड़के-लड़कियों के साथ पाए जाने पर उनकी शादी करवा देने की धमकी भी श्रीराम सेने को वापस लेनी पड़ी।

# भारत में महिला श्रम शक्ति की हालत बताने वाला नोबेल पुरस्कार

डॉ.अजीत रानाडे

विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है। इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है। यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा। अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं। अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है। इस साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है। वे इस पुरस्कार को जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला हैं और स्वतंत्र रूप से सम्मानित होने वाली पहली हैं। एकल पुरस्कार विजेता के रूप में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली पहली महिला होना बहुत खास है। नोबेल प्रशस्ति पत्र में उनके पांच दशकों के काम का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए है।' उनके कुछ व्यावहारिक और मूल योगदान अब आम ज्ञान बन गए हैं। ये याद रखने योग्य हैं और जिनकी यहां चर्चा की जा रही है। उनका सबसे महत्वपूर्ण और निश्चित अध्ययन अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी और परिणामों का है। अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं। उनमें से कुछ की जांच करें तो सबसे पहले यही ज्ञात होता है कि अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में श्रम शक्तिमें महिलाओं की भागीदारी का यू-शेप है। आर्थिक विकास के साथ अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान से औद्योगिक और अंत में सेवा प्रभुत्व वाली हो गई है। कृषि चरण में महिलाएं अपने पुरुषों के साथ खेतों पर काम करती हैं। औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है। अधिक आर्थिक प्रगति के साथ सेवा क्षेत्र हावी होता जा रहा है और जहां महिलाएं अधिक संख्या में भाग लेने में सक्षम हैं। यह यू-आकार (यू-शेप) है- प्रारंभिक चरण में उच्च भागीदारी, इसके बाद औद्योगिक चरण के दौरान कम तथा अधिक समृद्धि होने पर फिर से उच्च। अमेरिकी आर्थिक इतिहास की एक लंबी अवधि में यह क्रम देखा गया है। यह पैटर्न उन देशों में भी देखा जाता है जो इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं। इस प्रकार समय के साथ-साथ दुनिया भर में यह एक पैटर्न है। आश्चर्य नहीं कि अधिकांश अमीर देश, जिनके पास बहुत बड़ा सेवा क्षेत्र है, उनमें उच्च महिला श्रम बल भागीदारी दर (फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट-एफएलएफपीआर) भी होती है।

# त्योहारी सीजन में ऑनलाइन बाजार की धूम

बाल मुकुन्द ओझा




**देश में त्योहारों** की खुमारी छाने लगी है। माह सितम्बर 23 में जीएसटी संग्रह ने त्योहारी सीजन पर अपनी मुहर लगा दी है। अक्टूबर के महीने में दशहरा, इंदिरा एकादशी, सर्व पितृ अमावस्या, शरद पूर्णिमा और भी बहुत महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार आएंगे जिनमें जमकर खरीददारी की सम्भावना है। इसी भांति नवम्बर में देश का सबसे बड़ा त्यौहार दीपावली है। त्योहारी सीजन आते ही ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी व्यस्त बिजनेस के दिन आने लग गए हैं। हर साल त्योहारी महीनों में ई-कॉमर्स कंपनियां ताबड़तोड़ बिक्री करती हैं। इस बार अनुमान है कि ई-कॉमर्स कंपनियां त्योहारी बिक्री का नया रिकॉर्ड बना सकती हैं। मार्केट रिसर्च कंपनी और कंसल्टिंग रिसर्च फर्म की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि इस साल त्योहारी सीजन में ई-कॉमर्स कंपनियों की सेल का नया रिकॉर्ड बन सकता है. ऐसा अनुमान है कि अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो आदि जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां साल 2023 के त्योहारी महीनों में 11 बिलियन डॉलर तक की बिक्री कर सकती हैं। रेडसियर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सप्ताह के पहले चार दिनों में ई-कामर्स कंपनियों ने पिछले साल के त्योहारी सीजन सेल के मुकाबले 16 प्रतिशत अधिक बिक्री की। पिछले साल ई-कामर्स कंपनियों ने त्योहारी सीजन के पहले चार दिनों में 25,000 करोड़ रुपये की बिक्री की थी, जो इस बार 29,000 करोड़ रुपये रही। आफलाइन दुकानदारों का संगठन कनफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक इस साल त्योहारी सीजन में तीन लाख करोड़ रुपये की बिक्री की उम्मीद है, जबकि पिछले साल त्योहारी सीजन में 2.5 लाख करोड़ रुपए की बिक्री हुई थी। आगामी दिनों में एक के बाद एक त्योहार आने है। उम्मीद की जा रही है इस बार बाजार में दशहरा और दीपावली तक बेहतर रौनक बनी रहेगी। इसी के साथ कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। लोग खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। दुकानें ग्राहकों से गुलजार होने लगी है। बाजारों में चहल पहल व भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है। ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा हुआ है। सितम्बर महीने में सरकार को 1.62 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी कलेक्शन हुआ है जो कारोबार के लिए उत्साहजनक संकेत कहा जा सकता है।
त्योहारी सीजन में बाजार में रौनक लौट रही है। इससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। दो साल के कोरोना संकट के कारण आर्थिकमंदी से जूझ रहे बाजार में व्यापार की उम्मीद बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन की शुरूआत से इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, ऑटो मोबाइल, सराफा बाजार में ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। देशभर में पर्यटन क्षेत्र फिर से पटरी पर लौटने लगा है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की बढ़ती संख्या से न केवल इन स्थलों की रौनक बड़ रही है बल्कि अच्छा कारोबार होने से कारोबारियों के चेहरों पर चमक देखने को मिल रही है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। अच्छा कारोबार होने से सभी कारोबारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

# चित्रकूट - उन्नाव संदेश

## सर झुके उस शहादत में, जो शहीद हुए हमारी हिफाजत में , पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया याद



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन्स स्थित शदीह स्मारक पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने शहीद पुलिस जवानों को याद कर प्रदेश में कर्तव्य पालन दौरान सितम्बर 2022 से अगस्त 2023 तक शहीद हुये जवानों के नाम पढ़कर सुनाये। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सभी शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी।
शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों- कर्मचारियों की मौजूदगी में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर जवानों को श्रद्धांजलि दी। सेरेमोनियल गार्द ने शहीद जवानों को गार्द ऑफ ऑनर दिया। सभी शहीद पुलिस जवानों को शोक सलामी देकर दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्र, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, सीओ कार्यालय दिनेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रतिसार निरीक्षक कन्ट्रोल रुम रविन्द्र कुमार, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी समेत शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोपी को 15 सौ जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार दुर्गेश यादव की पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने मारपीट, गाली-गलौज आरोपी को 15 सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।
ज्ञात है कि मानिकपुर थाने में दर्ज एनसीआर के आरोपी कृष्णमूरत पुत्र बच्चालाल निवासी चमरौंहा ऊंचाड़ीह को अदालत ने 15 सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान की टीम ने चोरी व माल बरामद तथा खनिज अधिनियम के वारंटी बबलू पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी रौली कल्याणपुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा इमरान खान व सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

## पांच नवम्बर को होगी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी की प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 पांच नवंबर को होगी। आवेदक छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण 26 अक्टूबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में सवेरे साढे नौ बजे से अपरान्ह दो बजे तक होगा। संबंधित अधिकारी/प्रधानाध्यापक सभी छात्र-छात्रायें समय से आयें, ताकि विषय विशेषज्ञ बच्चों को प्रवेश परीक्षा बाबत संपूर्ण जानकारी दे सकें। परीक्षा केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी होगा।

## 16 घंटे में खोये बालक को पाकर परिजनों के चेहरे खिले

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने गुमशुदा बालक प्रभाकर त्रिपाठी को 16 घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।
ज्ञात है कि 20 अक्टूबर की शाम सात बजे राकेश त्रिपाठी निवासी जमुना रोड कस्बा मऊ ने थाने में सूचना दी कि 14 वर्षीय पुत्र प्रभाकर उर्फ दीनदयाल त्रिपाठी घर से बिना बताये चला गया है। काफी खोजने पर भी नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा इन्द्रजीत गौतम को बालक खोजने की जिम्मेदारी दी।
दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने प्रयास कर आज साढे दस बजे प्रदीप के ढाबा छिवलहा से बालक प्रभाकर त्रिपाठी को बरामद किया। आवश्यक कार्यवाही बाद बालक को परिजनों के सुपुर्द किया। बालक को पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पांडे शामिल रहे।

## पानी को साफ करने को डालें क्लोरीन: डीएम, डीएम ने बारीकी से देखा इंटेकवेल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रैपुरा में बन रहे इंटकवेल, पंप हाउस, फिल्टर हाउस, एयर ब्लोअर का निरीक्षण कर कहा कि कार्यदायी संस्था जीवीपीआर को निर्देश दिये कि फिल्टर हाउस में क्लोरीन का अधिक प्रयोग करें। सैंपलिंग को लोग आते हैं तो अलग से कनेक्शन दें। सप्लाई लाइन से पानी लेकर टेस्टिंग भी की। निर्देश दिये कि क्लोरीन अधिक मात्रा में डालें, ताकि पानी साफ हो।
ज्ञात है कि रैपुरा परियोजना के तहत 730 किमी पाइप लाइन से 84 ग्राम पंचायतों को पेयजल पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा है, उन्हें नियमित पानी देते रहें। जिन गांवों में पाइप लाइन से पानी नहीं पहुंच रहा, क्या समस्या है, समय पर भुगतान भी हो रहा है। कोई समस्या हो तो बतायें। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे व अधिशासी अभियंता को बतायें। मैन पावर बढ़कर समय से कार्य पूरा करायें। अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्था पेयजल आपूर्ति होने के बाद ही भुगतान करायें।
जिलाधिकारी ने पाइप लाइन से ग्राम पंचायत अगरहुण्डा में दिये जा रहे पानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान प्राथमिक विद्यालय अगरहुण्डा में पाइप लाइन से आ रहे पानी का नमूना देखा। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य से पूंछा कि पानी का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं। पीने योग्य पानी आ रहा है या नहीं। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कहा कि डीएसपी अच्छा बनवायें।

# प्रधानमंत्री से नर्मदा को मन्दाकिनी से जोड़ने की होगी मांग: अजीत सिंह



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी आगमन पर बुंदेली सेना जगदगुरु रामभद्राचार्य के जरिए नदी जोड़ो परियोजना के तहत नर्मदा नदी को मन्दाकिनी से जोड़ने की मांग करेगी। नदी को अनुसुइया आश्रम से लेकर राजापुर तक मशीनों के जरिए खुदाई व सफाई कराने का अनुरोध करेगी। चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन को अत्याधुनिक बनाने व शिवरामपुर-भरतकूप स्टेशन को विकसित करने की मांग की जाएगी। शनिवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड में एम्स की मांग बहु प्रतीक्षित है। चित्रकूट-बांदा के बीच एम्स की मांग की जायेगी। प्रधानमंत्री जिस तरह देश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं, उससे उम्मीद है कि चित्रकूट व बुंदेलखंड का कायाकल्प होगा। बुंदेलखंड में फिल्म सिटी बनने की प्रबल संभावनायें हैं। यहां उद्योग लगाने की जरूरत है। सोलर एनर्जी बुंदेलखंड में अपार है, यहां कई सोलर पावर प्रोजेक्ट विकसित करने की जरूरत है। अतर्रा धान का कटोरा था, उसे पुनः विकसित कर बांदा की कताई मिल चालू करने की जरूरत है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के जरिए पिछड़े क्षेत्र के विकास का द्वार खोलने का काम मोदी-योगी सरकार ने किया है। बुंदेलखंड से हर साल लाखों लोग दिल्ली, मुंबई, गुजरात, राजस्थान महानगरों की ओर रोजगार की तलाश मे पलायन को विवश हैं। बुंदेलखंड में ही रोजगार सुलभ हो जाये तो यहां का मेहनतकश बुंदेलखंडी चतुर्दिक विकास करेगा। यहां कोल्ड स्टोरेज की भी जरूरत है, ताकि यहां का सब्जी व्यापार उद्योग की शक्ल ले सके। यहां पौष्टिक सब्जियां महानगरों तक पहुंच बनायें। फौज, पुलिस, पीएसी, बीएसएफ जैसे बलों में बुंदेलखंड के युवा चयनित होते हैं। यहां ट्रेनिंग स्कूल खुल जाए तो युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे। रेलवे, संचार, केंद्रीय बलों की नियुक्ति में बुंदेलखंड के युवाओं को विशेष छूट देने का अनुरोध किया जाएगा। मांग की जायेगी कि धर्मनगरी में एक ओल्डएज होम टाउनशिप विकसित की जाये। देशभर के वृद्धजन आध्यात्मिक लाभ लेने को चित्रकूट आयें। केंद्र सरकार से स्पेशल विकास पैकेज देने का अनुरोध किया जाएगा, ताकि यूपी-एमपी में बंटे तीर्थक्षेत्र का कायाकल्प हो सके। इन सभी मांगों का पत्र जगदगुरु रामभद्राचार्य के जरिए प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आप का प्रदर्शन

## संजय सिंह की गिरफ्तारी है अवैध




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में पार्टी कार्यकताओं ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह के अवैध गिरफ्तारी को लेकर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।
शनिवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकताओं ने कचहरी परिसर से जुलूस निकालकर ट्राफिक चैराहा होते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आवास पर ईडी ने 12 घंटे छापेमारी की थी। आठ दिनों तक उन्हे रिमांड पर लेकर पूंछताछ बाद भी जांच एजेंसी को कुछ हासिल नहीं हुआ। इसके बाद भी सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। फर्जी शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्तों ने 14 बार ईडी को दिए बयान में संजय सिंह का नाम नही लिया। आरोपियों के इतनी बार बयान देने के बाद भी सांसद संजय सिंह का नाम याद नही आया। एक अभियुक्त से सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के भीतर अभियुक्त को जमानत मिल गई। ईडी ने जमानत का विरोध नहीं किया। जमानत के कुछ दिन बाद उसे सरकारी गवाह बना लिया गया। संजय सिंह ने मणिपुर हिंसा में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ सदन में आवाज उठाई थी। उन्हे राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। सांसद संजय सिंह के खिलाफ पूरा मामला बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित है। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अवैध गिरफ्तारी के विरोध में पूरे प्रदेश में आंदोलनरत हैं।
मांग उठाई कि संविधान की रक्षा करने वाले सांसद संजय सिंह समेत लाखों-करोड़ लोगों को न्याय दिलायें। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला, दिलीप सिंह पटेल, लवदीप सिंह पटेल, बच्चाराम बौद्ध, राजबहादुर साहू, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केसरवानी, श्यामबाबू त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सोनी, सुमन विश्वकर्मा, दिनेश सिंह, अविनाशचंद्र त्रिपाठी, सजन पाण्डेय, मो मोबीन, अंकित त्रिपाठी, शिवशंकर, कुलदीप सिंह, रोहित ठाकुर, विकास श्रीवास्तव, रामजी द्विवेदी, धतुरा सिंह पाण्डेय, चन्द्रभाल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक को दबोच पकडी 18 क्वार्टर शराब

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा परशुराम यादव की टीम ने सुनील यादव पुत्र रामकिशुन यादव निवासी बेलरी पुरवा मजरा चैरा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा परशुराम यादव, सिपाही गुड्डू यादव व दीपक कुमार शामिल रहे।

## पारदर्शी ढंग से करायें समिति के चुनाव: सपा जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने किसान सेवा सहकारी समिति पहाडी उत्तरी में बिना नामांकन पत्र बिक्री एवं गुपचुप ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने का आरोप लगाया है।
शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष ने कहा है कि 18 अक्टूबर को नामांकन तिथि निर्धारित होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी के नियुक्त रिटर्निंग आफीसर अजय मौर्या एवं किसान सेवा सहकारी समिति पहाडी उत्तरी के सचिव अनुसुइया तिवारी ने समिति परिसर से नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं की। चुनाव प्रक्रिया की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा नहीं की गई।
उन्होंने रिटर्निंग आफीसर व समिति के सचिव पर आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के इशारे पर चुनाव प्रक्रिया को पूरी कर निर्विरोध चुनाव घोषित कर किसानों के साथ छलावा किया है। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या पर उतारु है। जनता उनके खिलाफ है तो सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर चुनाव प्रक्रिया को पंगु कर दिया है। पहाडी क्षेत्र के सैकडों किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर विरोध जताया है। सम्पन्न चुनाव को निरस्त करने की मांग की है। सपा जिलाध्यक्ष ने किसानों को भरोसा दिया कि भाजपा सरकार से जनता त्रस्त है, भाजपाई लोकतंत्र को लूट रहे हैं। समिति के प्रबंधन के चुनाव पारदर्शिता से होने से किसानों को खाद-बीज मिलती। सपा ने मांग किया कि किसान सेवा सहकारी समिति पहाडी उत्तरी के चुनाव निरस्त कर दुबारा पारदर्शी ढंग से चुनाव कराये जायें।

## पीडिता को प्रतिष्ठा दिलाने को हुई जागरूकता गोष्ठी, मिशन शक्ति अभियान जारी



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जारी मिशन शक्ति अभियान के तहत रेड क्रॉस सोसाइटी/इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में नारी सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीड़िता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने की गरज से छात्राओं में जागरूकता पैदा की।
शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी है, ताकि वह शिक्षित हों और संविधान में प्रदत्त अधिकारों की जानकारी उसे हो। किसी प्रकार का कोई उत्पीड़न होने पर अपने माता-पिता से बतायें। संबंधित पुलिस अधिकारी को सूचित करें। घटना के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि स्कूल की छात्रा ने जागरूकता के चलते व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलकर परेशानी बताई, तत्काल निदान कराया। मिशन शक्ति प्रभारी सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने लैंगिक समानता एवं हिंसा की रोकथाम बाबत विस्तार से बताया। कहा कि रास्ते में आते-जाते कोई परेशान करे तो या अप्रिय घटना हो तो डायल 112 पर फोन करें। चंद मिनटों में पुलिस हाजिर होगी। नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। पीड़ितों को नहीं, बल्कि अपराध करने वालों को शर्म आनी चाहिए। पीड़िता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलायें। आयोजक रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था विद्यालयों में समय-समय पर कार्यक्रम करती है। छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया। न्यूट्रिशियन सपोर्ट के मद्देनजर सभी बच्चों को एक-एक लीटर रियल जूस डाबर इंडिया बांटा। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी एसपी पटेल ने कहा कि सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। कोई परेशानी या घटना-दुर्घटना के बारे में सूचित करें, तत्काल निदान किया जाएगा।

# थक-हार कर ग्रामीणों ने घासफूस का बनाया पुल

## बच्चों के स्कूल आवागमन को मजबूरी में उठाया कदम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के रामपुर के मजरा बेलरी में सड़क के अभाव से ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्रामीणों ने तय किया है कि इस बार चुनाव में नेताओं के आने पर उन्हें खरा जवाब देकर सबक सिखाया जायेगा। ग्रामीणों ने कहा कि जहां लोगों को सडक की जरूरत है, वहां सडक न बनाकर नेता गैर आबादी क्षेत्र में सडक बना रहे हैं।
शनिवार को बेलरी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रैपुरा स्थित गुंता बांध बनने से उसका पानी मार्ग में लम्बे समय तक भरा रहता है। इससे मार्ग से निकलना दूभर हो जाता है। कई वर्षों से बेलरी के लोग समस्या से निजात पाने को परेशान हैं। क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत से लेकर विधायक व सासंद तक से पुल निर्माण की गुहार लगा चुके हैं, नतीजा कुछ नहीं निकला।
रामपुर प्रधान रामकेश ने बताया कि बेलरी से रामपुर डेढ़ किमी हैं। यहां से पढ़ने जाने को स्कूली बच्चे इसी रास्ते से मजबूरी में जाते हैं। पानी ज्यादा होने से बच्चे भीग जाते हैं। इस मार्ग के अलावा अन्य कोई मार्ग नहीं है। बराछी सम्पर्क मार्ग से जाने पर बीस किमी का चक्कर लगाना पडता है। डेढ़ किमी मार्ग का सभी लोग उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर में वर्ष 2007 में ग्राम पंचायत से एक पुलिया बनवाई थी। ग्राम पंचायत की बजट की सीमा है। पुलिया के सही ढंग से न बनने से पुलिया के ऊपर पानी भरा है। प्रधान ने कहा कि मार्ग में पुल न बनने से कुछ वर्ष पहले बेलरी गांव के धर्मराज राजपूत की पत्नी प्रसव पीड़ा से एम्बुलेंस न पहुंचने से मौत हो गई है। इसी तरह भैयालाल के पुत्र राजकरण (21) की भी सर्पदंश से मृत्यु हो गई है। हंसराज की पत्नी सुधा इलाज कराने नाला पार करते समय महिला के हाथ से उसका बेटा छूट गया था, पानी में गिरने से उसकी मृत्यु हो गई। इन घटनाओं से ग्रामीण खासे आहत हैं। वर्ष 2019 से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। पटेल तिराहे पर धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल, आमरण-अनशन करने पर भी अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन ही दिया है। जिम्मेदार सिर्फ तमाशा देख रहे हैं। परेशान ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के आवागमन को पहले जलभराव मार्ग पर नाव चलवाई थी, नाव के पलट जाने से अनहोनी न हो, इसलिए इस बार मार्ग पर बांस- बल्लियों, कांसा, घासफूस के सहारे पुल निर्माण कर रहे हैं।
पुल निर्माण को सामग्री प्रधान रामकेश ने दी है। गांव के तीन दर्जन लोग श्रमदान कर पुल निर्माण कर बच्चों के आवागमन को सुगम रास्ता बना रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव हो या फिर ब्लाक में चिंतन शिविर हो, प्रतिनिधियों का जमघट जब भी दिखा है ग्रामीणों ने मार्ग की समस्या उनके सामने रखी है। सिवाय आश्वासन के उन्हें कुछ नहीं मिला। थक-हार कर खुद रास्ता बनाने के काम में ग्रामीण जुटे हैं। बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि समस्या गम्भीर है। समस्या के समाधान को पत्राचार किया जा चुका है।

**सांसद ने डेढ करोड निहित स्वार्थ की चढाई भेंट**

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के एक्सईएन कृष्ण कुमार ने बताया कि बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) अनुदान संख्या 56 के तहत ऐलहा-बढैया से प्रकाशनारायण के जिल्ला तक सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य को सांसद बांदा-चित्रकूट ने प्रस्ताव दिया था। इसका आगणन कर शासन को भेजा था। शासन से मंजूरी मिलने पर कार्य कराया जा रहा है। ये कार्य ऐसा है कि गैरआबादी क्षेत्र में सांसद सडक बनवा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने उस क्षेत्र में दो सौ बीघा जमीन खरीद रखी है। जमीन की कीमत बढाने को सांसद ने सरकार के तकरीबन डेढ करोड रुपये अपने निहित स्वार्थ की भेंट चढा दी है। इस सडक से फिलहाल किसी ग्रामीण को लाभ नहीं मिलने वाला। लाभ सिर्फ सांसद को ही मिलेगा।

# सीएम के हैं कडे निदेर्श: जमीन संबंधी मामले तत्काल करें हल - डीएम

## मानिकपुर में हुआ समाधान दिवस



**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार मानिकपुर में हुआ। डीएम ने फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण कर निस्तारण आख्या देखी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, उसके बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी बतायें, ताकि वह समस्या निस्तारण से संतुष्ट हो सके। जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुसार गुणवत्ता से करे। जिन-जिन विभागों की आज समस्यायें मिली हैं, उनका मौके पर निस्तारण करायें।
उन्होंने उपजिलाधिकारी व थाना प्रभारी से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। शासन के कडे निर्देश हैं कि जमीन संबंधी मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देश दिये कि महिला संबंधी विवाद का जल्द निस्तारण करायें। इस मौके पर एसडीएम रामजन्म यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीएफओ पीके त्रिपाठी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, बीडीओ धनंजय सिंह, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसी राम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, बंदोबस्त अधिकारी मनोहरलाल धर्मान, बीएसए लवप्रकाश यादव, ईओ मानिकपुर भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पाकिस्तान में मुठभेड़, चार सैनिक और आठ आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान की सीमा के पास अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में चार सैनिकों की मौत हो गई। इस मुठभेड़ में आठ आतंकवादी भी मारे गए। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक



रिलेशंस के हवाले से यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा है कि यह मुठभेड़ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जनजातीय जिले के गेरियम इलाके में हुई। सेना के इस अभियान में कुख्यात आतंकवादी हजरत जमान उर्फ ख्वारे मुल्ला भी मारा गया। बताया गया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों ने नौशेरा जिले में एक पुलिस दल पर हमला किया। इस दौरान जवाबी गोलीबारी में भी दो आतंकवादी मारे गए।

## रूस ने अपने नागरिकों को इजराइल, लेबनान, जॉर्डन और फिलिस्तीन न जाने की दी सलाह

**मास्को।** इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच रूस ने अपने नागरिकों के लिए इजराइल, लेबनान, जॉर्डन और फिलिस्तीन के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए चेतावनी जारी की है। रूस ने इन देशों में अपने नागरिकों को यात्रा न करने की सलाह दी है। रूसी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मध्य पूर्व में स्थिति काफी गंभीर है। युद्ध के कारण हताहतों और घायलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हम सभी से निवेदन करते हैं कि रूसी नागरिक इजराइल, लेबनान, जॉर्डन और फिलिस्तीन की यात्रा करने से बचें। उल्लेखनीय है कि बीते सात अक्टूबर को हमास के हमले में अब तक 1400 से अधिक इजरायल के नागरिकों की मौत हो गई है, जबकि इजराइली सेना की जवाबी कार्रवाई में 4,137 फिलिस्तीन के नागरिकों की मौत हो गई है।

## अमेरिकी प्रशासन विदेशी छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदलाव करें : भारतीय प्रवासी निकाय

**वाशिंगटन।** स्नातक कर रहे छात्रों और उपलब्ध एच1बी वीजा के बीच बहुत अधिक अंतराल बताते हुए एक भारतीय प्रवासी समुदाय निकाय ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन से विदेशी छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) कार्यक्रम में बदलाव करने का आग्रह किया है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने अमेरिकी गृह मंत्री एलेजांद्रो मयोरकास को लिखे एक पत्र में कहा कि इस अंतराल के कारण भारतीय छात्र अमेरिकी उद्योग में योगदान करने के अवसर से चूक रहे हैं।एफआईआईडीएस द्वारा सुझाए गए कई बदलावों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियान्त्रिकी और गणित (एसटीईएम) के विषयों में डिग्री वाले पात्र छात्रों के लिए एसटीईएम ओपीटी की अवधि को 24 महीने से बढ़ाकर 48 महीने करना, ओपीटी स्नातकोत्तर में आवेदन करने की अवधि को 60 दिन से बढ़ाकर 180 दिन करना और एसटीईएम डिग्री धारकों को गैर-एसटीईएम डिग्री धारकों की तुलना में एच1बी वीजा लॉटरी में चुने जाने के छह गुना अधिक अवसर प्रदान करना है। एफआईआईडीएस के नीति और रणनीति प्रमुख खंडेराव कांड ने पत्र में कहा, ''ऐसा करने से हम न केवल उस प्रतिभा को बनाए रखते हैं जो हमारे नवाचार को बढ़ावा देती हैं बल्कि यह उन आर्थिक लाभों के लिए भी आवश्यक है जो इस छात्रों से हमारे देश को मिलता है।'' उन्होंने पत्र में कहा, ''वैश्विक प्रौद्योगिकी के उभरते परिदृश्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं साइबर सुरक्षा में बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए अत्यधिक कुशल एसटीईएम छात्र न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद है बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का भी मामला है। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) ने उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिभा की कमी को राष्ट्रीय सुरक्षा में खतरे के रूप में उजागर किया है।''

## भारत-कनाडा के राजनयिक विवाद में कूदे अमेरिका और ब्रिटेन ! ट्रूडो का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** भारत और कनाडा के बीच खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर जारी कूटनीतिक विवाद में अब अमेरिका और ब्रिटेन भी कूद पड़े हैं। अमेरिका और इंगलैंड इस मामले में कनाडा का समर्थन करते हुए भारत से आग्रह किया कि कहा कि वह देश में ओटावा के अपने राजनयिक उपस्थिति को कम करने पर जोर न दे। अमेरिका और ब्रिटेन ने नई दिल्ली से कनाडा पर भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने पर जोर न देने का आग्रह किया कि वह और एक सिख अलगाववादी की हत्या पर विवाद के बीच ओटावा द्वारा 41 राजनयिकों को बाहर निकालने के बाद चिंता व्यक्त की।अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, ÷भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति को कम करने की कनाडा सरकार की मांग



के जवाब में,कहा कि हम कनाडा के राजनयिकों के भारत से प्रस्थान से चिंतित हैं।÷ वाशिंगटन ने कहा है कि उसने कनाडा के आरोपों को गंभीरता से लिया है और लंदन के साथ-साथ भारत से हत्या की जांच में कनाडा के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है, जबकि पश्चिमी शक्तियां भारत की खुले तौर पर निंदा करने में अनिच्छुक रही हैं।मैथ्यू मिलर ने कहा कि आपसी मतभेदों को सुलझाने के लिए जमीनी स्तर पर राजनयिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमने भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में कमी पर जोर न दे और कनाडा में चल रही जांच में सहयोग करे। मालूम हो कि अमेरिकी विदेश विभाग का यह बयान इस मामले में वाशिंगटन द्वारा नई दिल्ली की अब तक की सबसे सीधी आलोचना है।

**ये है मामला**

कनाडा ने जून में वैंकूवर उपनगर में कनाडाई नागरिक और सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का आरोप लगाया है, जिसे भारत ने ÷आतंकवादी÷ कहा था। भारत ने आरोप से इनकार किया है। इसी मुद्दे पर भारत और कनाडा में पिछले महीने से बहुत गहरा कूटनीतिक विवाद चल रहा है। यह विवाद पीएम जस्टिन ट्रूडो की तरफ से वहां की संसद में दिए गए एक सनसनीखेज बयान से पैदा हुआ है, जिसमें उन्होंने भारतीय एजेंटों पर कनाडाई नागरिक (खालिस्तान समर्थक आतंकवादी) हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था।

## यूएस का चीन को झटका: पाक को बैलिस्टिक मिसाइलों के पुर्जो आपूर्ति करने वाली कंपनियों पर लगाया बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए मिसाइलों से जुड़े उपकरणों की आपूर्ति करने के वास्ते तीन चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि ये प्रतिबंध वैश्विक अप्रसार व्यवस्था के तहत लगाए गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा,'आज, हम कार्यकारी आदेश 13382 के अनुसार तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसारकों और उनके वितरण से जुड़ी हैं। यह तीनों कंपनियां चीन की हैं और इन्होंने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के मिसाइल से जुड़े पुर्जो एवं



उपकरणों की आपूर्ति की है।' पाकिस्तान का चीन सदाबहार सहयोगी है जो इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है। यह तीनों कंपनियां जनरल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, बीजिंग लुओ लुओ टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और चांगझौ यूटेक कंपोजिट कंपनी लिमिटेड हैं। यह प्रतिबंध पाकिस्तान के अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली के प्रक्षेपण के कुछ दिनों बाद लगाए गए हैं।

## गाजा हिंसा में उजड़े लाखों घर, 900 विधवाएं महिलाएं और बच्चे की दयनीय हालात

**संयुक्त राष्ट।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा में हिंसा के कारण अपने घरों से विस्थापित हुई 493,000 महिलाओं और लड़कियों में से अनुमानित 900 नई विधवाएं हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने हाल ही में जारी अध्ययन, ''यूएन वूमेन रैपिड'' का हवाला देते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र महिलाओं ने अपने



पुरुष साथी की मृत्यु के बाद घर की मुखिया बनने वाली महिलाओं की संख्या से विधवाओं की संख्या का अनुमान लगाया है। आकलन में कहा गया है कि रिपोर्ट के आंकड़े संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा मानवीय मामलों के समन्वय के लिए अपने रिलीफवेब पर 7 अक्टूबर के बाद से गाजा में हताहतों की गुरुवार की संख्या से आए हैं। अध्ययन में कहा गया है कि 3,785 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 12,500 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से 53 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे है।

## हमास ने रिहा किए दो अमेरिकी नागरिक, बाइडन ने कहा- 'हमारे नागरिकों ने 14 दिनों में भयानक कष्ट देखा'

**वाशिंगटन।** इजराइल पर सात अक्टूबर के हमले के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यह घोषणा की और आश्वस्त किया कि उनकी सरकार दोनों नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने और उन्हें इस सदमे से उबरने में हर संभव मदद करेगी। बाइडन ने बंधक बनाई गई एक अमेरिकी महिला और उसकी किशोर बेटी की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर और इजराइल की सरकारों के सहयोग के लिए शुक्रिया अदा किया।

इसके तुरंत बाद बाइडन ने रिहा किए गए दोनों बंधकों और उनके परिवार से फोन पर बात की। राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, ''इजराइल के खिलाफ सात अक्टूबर को भयावह आतंकवादी हमले के दौरान हमास द्वारा बंधक बनाई गई दो अमेरिकी नागरिकों की आज हमने रिहाई सुनिश्चित की।' उन्होंने कहा, ''हमारे साथी नागरिकों ने पिछले 14 दिनों में एक भयावह कष्ट का सामना किया है और मुझे बहुत खुशी है



कि वे जल्द अपने परिवार से फिर से मिलेंगी, जो डर से टूट गए हैं। इन व्यक्तियों और उनके परिवार को इस सदमे से उबरने में अमेरिका सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा और इस समय हम सभी को उनकी निजता का सम्मान करना चाहिए।'मुक्त कराई गई मां-बेटी हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों में से पहली थीं और 200 से अधिक लोग अब भी बंधक हैं। बाइडन ने कहा कि हमले के शुरुआती क्षण से उनका प्रशासन हमास द्वारा बंधक बनाए गए अमेरिकी नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे काम कर रहा था और उसने अब भी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने का प्रयास बंद नहीं किया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने यहां पत्रकारों से कहा, ''हमास द्वारा सात अक्टूबर को बंधक बनाए गए दो अमेरिकी नागरिकों को करीब एक घंटा पहले इजराइल के अधिकारियों के हाथ में सुरक्षित सौंप दिया गया।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी दूतावास से एक टीम जल्द उनसे संपर्क करेगी। उन्होंने दोनों बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कतर सरकार का धन्यवाद किया। वहीं, एसोसिएटेड प्रेस (एपी) की खबर के अनुसार, बाइडन ने कहा कि उन्हें लगता है कि सऊदी अरब के साथ रिश्ते सामान्य करने की इजराइल की कोशिश को रोकने के कारण हमास ने उस पर हमला किया।बाइडन ने एक कार्यक्रम में कहा, ''हमास के इजराइल पर हमला करने के कारणों में से एक यह भी हो सकता है कि... वे जानते थे कि मैं सऊदी के साथ बैठक करने वाला हूं।%% अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि उन्हें लगता है कि हमास के आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को घातक हमला इसलिए किया क्योंकि सऊदी इजराइल को मान्यता देना चाहता था और वे औपचारिक रूप से ऐसा करने में सक्षम होने के करीब थे। यरुशलम और रियाद लगातार रिश्ते सामान्य करने की दिशा में करीब पहुंच रहे थे और बाइडन दोनों देशों को साथ लाने में मदद करने के लिए काम कर रहे थे।

## ड्रग्स की हेवी डोज लेकर हमास ने इजरायल में मचाया था कत्लेआम, रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

**वाशिंगटन।** इजरायल हमास हमले के बीच चल रहे युद्ध में एक बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि 7 अक्टूबर को हमास के लड़ाकों के इजरायल पर हमले के साथ ही युद्ध की शुरूआत हो गई थी।

इस हमले में 1400 से अधिक इजरायलियों की मौत हो गई थी। कहा जा रहा है कि हमास के लड़ाकों ने ड्रग्स की हेवी डोज लेकर इस हमले को अंजाम दिया था। द यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि हमास के लड़ाकों ने कैप्टागन नाम की गोलियां खाकर इस हमले को अंजाम दिया था। कैप्टागन एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में मारे गए हमास के कई लड़ाकों की जेबों में से ये गोलियां बरामद की गई थी। बता दें कि इस टैबलेट को खाने से लड़ाकों को न तो लंबे समय तक भूख लगने दी और इससे उनके शरीर को ज्यादा ताकत मिलती रही। इस टैबलेट को



'गरीबों कोकेन' भी कहा जाता है। कैप्टागन की गोलियां 2015 में उस समय चर्चा में आई थीं, जब पता चला था कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकी किसी भी आतंकी घटना को अंजाम देने से पहले अपने डर को दबाने के लिए इन गोलियां का इस्तेमाल करते थे, लेकिन बाद के सालों में जैसे जैसे आईएस का खौफ कम होता सीरिया और लेबनान ने बड़े स्तर पर इन गोलियां का उत्पादन और वितरण तेज कर दिया। कहा जाता है कि गाजा इन गोलियों का सबसे बड़ा मार्केट है, विशेष रूप से युवाओं में ये गोलियां काफी लोकप्रिय हैं।

**कैसी शुरू हुई जंग?**

बता दें कि इजरायल और हमास के बीच युद्ध का गुरुवार को 13वां दिन है. बीते सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी आर्म्स ग्रुप हमास ने गाजा पट्टी से रॉकेट हमलों की झड़ी लगा दी थी। ये हमले इजरायल पर किए गए थे। हमास ने हमलों की जिम्मेदारी ली और इसे इजरायल के खिलाफ सैन्य कार्रवाई बताया। हमास ने पट्टी से करीब 20 मिनट में 5,000 रॉकेट दागे थे। इतना ही नहीं, इजरायल में घुसपैठ की और कुछ सैन्य वाहनों पर कब्जा कर लिया था। इस जंग में दोनों ओर से सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई है।

## इस्राइल-यूक्रेन के लिए बाइडन ने अमेरिकी संसद से मांगे 105 अरब डॉलर, बोले- यह समय 'टर्निंग पॉइंट'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल और यूक्रेन को आर्थिक मदद देने के लिए कांग्रेस से 105 अरब डॉलर की मदद देने की अपील की है। बाइडन ने ओवल ऑफिस से देश को संबोधित किया और इस दौरान कहा कि यह अमेरिकी इतिहास का 'टर्निंग पॉइंट' का समय है। बाइडन ने कहा कि 'इस रकम से रूस के क्रूर हमले से जूझ रहे यूक्रेन और हमास के सुरक्षा मजबूत करने के लिए मांगे गए हैं। पत्र में यंग ने लिखा कि



दुनिया देख रही है और अमेरिकी लोग नेताओं से उम्मीद कर रहे हैं कि वह एकजुट हों और इन मुद्दों पर साथ आएं। वहीं बाइडन की अपील के बाद सीनेट के बहुमत के नेता चक शूमर ने भी इस पैकेज की तारीफ की और कहा कि वह कोशिश करेंगे कि यह पैकेज जल्द पास हो जाए।

**हथियारों की सप्लाई में खर्च किया जाएगा अधिकतर फंड**

चक शूमर ने कहा कि यह विधेयक बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए सदन में जारी हंगामे को शांत होने का इंतजार नहीं किया जा सकता। सीनेट के डेमोक्रेट सांसद इस अपील पर तेजी से कदम बढ़ाएंगे और हम उम्मीद कर रहे हैं कि रिपब्लिकन सांसद भी इस विधेयक को जल्द से जल्द पास कराने में मदद करें। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन को दिए जाने वाले 61 अरब डॉलर में से आधे से ज्यादा रकम हथियार और गोला बारूद मुहैया कराने में इस्तेमाल होगी। वहीं बचे हुए फंड को आर्थिक और लॉजिस्टिक और शरणार्थियों के कल्याण के काम पर खर्च किया जाएगा। इस्राइल को दिए जा रहे पूरे फंड का इस्तेमाल रक्षा सौदों पर खर्च किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अरब डॉलर सीमा सुरक्षा, सीमा पर पेट्रोलिंग को बेहतर करने, इमीग्रेशन जजों और शेल्टर और डिटेंशन सेंटर्स पर खर्च किए जाएंगे। एक अरब डॉलर फेंटानिल तस्करी से निपटने में खर्च किए जाने की योजना है। वहीं 9 अरब डॉलर फलस्तीन, इस्राइल और यूक्रेन में हिंसा प्रभावित लोगों की मानवीय मदद के लिए खर्च किए जाएंगे। ताइवान और हिंद प्रशांत की सुरक्षा के लिए मांगे गए सात अरब डॉलर के फंड से इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के उपाय किए जाएंगे। तीन अरब डॉलर यूएस सबमरीन के निर्माण, दो अरब डॉलर विदेशी सेना की वित्तीय मदद के लिए खर्च किए जाएंगे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## हमास-इस्राइल युद्ध के बीच इस बड़े बैंकिंग समूह की कर्मचारी ने किया यहूदी विरोधी पोस्ट, कंपनी ने निकाला

**काठमांडू।** आतंकी संगठन हमास के इस्राइल पर सात अक्तूबर को सुबह अचानक किए गए हमले के बाद दोनों के बीच संघर्ष जारी है। इन हमलों में अभी तक साढ़े पांच हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस्राइल-हमास के बीच का युद्ध विनाशकारी हो चुका है। इन सबके बीच एक सिटी बैंक की एक महिला कर्मचारी की नौकरी चली गई। दरअसल, उस पर यहूदी विरोधी पोस्ट करने का आरोप लगा है।

**सोशल मीडिया पर आलोचना**

सिटीग्रुप ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट डालने के मामले में अपनी पर्सनल बैंकर नोजिमा हुसैनोवा को हटा दिया है। इस पोस्ट में हिटलर द्वारा यहूदियों के नरसंहार का एक तरह से समर्थन किया गया था। गाजा में हालिया घटनाओं के लिए इस्राइल






को जिम्मेदार ठहराने वाले इस पोस्ट की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हो रही है।

**महिला कर्मचारी का ट्वीट**

हुसैनोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'समझा जा सकता है कि हिटलर इन सबसे क्यों मुक्ति चाहता था।' इस ट्वीट का मतलब निकाला जा रहा है कि नोजिमा उस प्रसंग का जिक्र कर रही थी, जिसमें हिटलर ने यहुदी समाज को चुन चुन कर मारने का आदेश दिया था। उनके यह ट्वीट करते ही सोशल मीडिया पर आलोचना होने लगी। वहीं, लोग सिटी बैंक पर भी भड़ास निकालने लगे।

**लोगों का भड़का गुस्सा**

एक यूजर ने कहा कि क्या यही आपके कर्मचारी का रवैया यहुदी समाज के लिए हैं। जब लोग सोशल मीडिया पर नोजिमा को निशाना बनाने लगे तो बैंक भी हरकत में आया और जवाब में लिखा कि हम उचित कार्रवाई कर रहे हैं। बैंक इस तरह की हेट स्पीच का समर्थन नहीं करता है। बाद में सिटी बैंक ने बताया कि उन्होंने यहुदी समाज के खिलाफ टिप्पणी करने वाली महिला कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया है। जब सिटी बैंक ने अपनी महिला कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया तो सोशल मीडिया पर लोगों ने बैंक की कार्रवाई की तारीफ की।

## 20 ट्रकों में राहत का सामान तैयार, जल्द ही होगी गाजा में एंट्री

**वाशिंगटन।** इजराइल और फिलिस्तीनी समूह हमास के बीच युद्ध लगातार 15वें दिन में प्रवेश कर गया। हमास के हमलों में 1,400 से अधिक इजरायली मारे गए हैं, जबकि फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की जवाबी कार्रवाई में कम से कम 4,137 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास को खत्म करने की कसम खाने के बाद इजराइल गाजा पट्टी पर हवाई हमले कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि 140,000 से अधिक घर - गाजा में सभी घरों का लगभग एक तिहाई क्षतिग्रस्त हो गए हैं, लगभग 13,000 पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। इस बीच, व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन और इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिस्र से गाजा में मानवीय सहायता शुरू करने की योजना पर चर्चा की। बाइडेन ने कहा कि उनका मानना है कि सहायता ले जाने वाले ट्रक अगले 24-48 घंटों में गाजा पहुंच जाएंगे। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के एक सदस्य ने अल जज़ीरा को बताया कि अगर इजरायली सेना अपनी आक्रामकता बंद कर देती है तो समूह अपने पकड़े गए नागरिकों को रिहा कर देगा। हालाँकि, मोहम्मद नज्जल ने समूह द्वारा आयोजित नागरिकों और सैन्य और बसने वाले तत्वों के बीच अंतर किया। यह फिलिस्तीनी समूह द्वारा पिछले दो सप्ताह से बंधक बनाए गए दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा करने के बाद आया है। इजराइल में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि गाजा-मिस्र सीमा शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे) खुलेगी। दूतावास ने एक बयान में कहा कि अगर सीमा खोली जाती है, तो हमें नहीं पता कि यह विदेशी नागरिकों के लिए गाजा छोड़ने के लिए कितने समय तक खुली रहेगी।